सेंसेक्स 72,643.43 ▲ -453.85
डॉलर 82.894 ▼ -0.070

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 32.0 | 19.0 | 29.0 |
| धनबाद | 34.0 | 21.0 | 32.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 21.0 | 32.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 31.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080

डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 149, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94

www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को ...09

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत और ...14 देश/विदेश

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत
पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में
डिग्री महाविद्यालय
तथा अन्य योजनाओं का
शिलान्यास, उद्घाटन एवं
परिसंपत्ति वितरण समारोह



मुख्य अतिथि
श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

विशिष्ट अतिथि

श्री अर्जुन मुंडा
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

श्री दीपक बिरुवा
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

श्रीमती गीता कोड़ा
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती जोबा माझी
माननीय विधायक, मनोहरपुर

श्री निरल पुरती
माननीय विधायक, मझगांव

श्री दशरथ गागराई
माननीय विधायक, खरसावां

श्री सुखराम उरांव
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

श्री सोनाराम सिंकु
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

सुश्री लक्ष्मी सुरेन
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



PR 322939 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा से युवाओं में होगा ऊर्जा का संचार

**मेदिनीनगर।** शहर के जनता शिवरात्रि कॉलेज में युवाओं के हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि एनपीयू के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य, विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद, कुलानुशासक डॉ केसी झा ,सीसीडीसी डॉ एके पांडेय, पूर्व प्राचार्य डॉ आरएन चौबे, पूर्व प्राचार्य डॉ आरपी सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ एसके पांडेय व संचालन शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि कुलपिति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा की स्वामी विवेकानं की प्रतिमा से छात्रों और युवाओं में उर्जा का संचार होगा और लक्ष्य के प्रति एकाग्र होने में मदद मिलेगी। मौके पर अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य डॉ एसके पांडेय ने कहा की स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### वीपीएम ज्ञान निकेतन स्कूल वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**मेदिनीनगर।** विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया में वर्ग नर्सरी से 11वीं तक का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अभिभावक का बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों के माता-पिता तथा अभिभावकों ने भाग लिया और अपने-अपने बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया। स बैठक में वर्ग शिक्षक द्वारा उनसे बच्चों के साल भर के क्रियाकलापों एवं उसके शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के बारे में चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा माता-पिता को बच्चों के बेहतर प्रगति के संबंध में परामर्श भी दिया गया।

### जांच के दौरान 400 लीटर स्प्रिट बरामद, कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप

# बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में स्प्रिट जब्त, चकमा देकर कारोबारी फरार

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की देर रात हरिहरगंज इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में स्प्रिट बरामद किया है। हालांकि चालक और कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि स्प्रिट को देशी शराब बनाने में इस्तेमाल करने के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर 24 घंटे वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। इस दौरान बोलेरो से दस गैलन से चार सौ लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद किया गया। जब्त स्प्रिट की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि स्प्रिट लेकर बोलेरो बिहार की ओर जा रही थी। फरार चालक और धंधेबाज को पकड़ने में पुलिस जुट गयी है। उन्होंने कहा कि शराब माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं मैं हड़कंप मच गया है। वाहन चेकिंग अभियान में एसआइ अविनाश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, देवेंद्र कुमार सिंह सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।





# हैदरनगर में 26 की जगह 29 मार्च को लगेगा कैंप

**विद्युत विभाग ने बकायेदारों को शीघ्र भुगतान करने की दी हिदायत**

**पांच हजार रुपए से अधिक के बकायेदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्रत्येक माह की 26 तारीख को हैदरनगर में लगने वाला विद्युत कैंप होली पर्व के मद्देनजर इस माह 29 मार्च को लगेगा। इसके बाद से पुनः पूर्व की तिथि पर ही कैंप आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिल का भुगतान किसी कार्य दिवस को विद्युत कार्यालय जपला या 29 मार्च को हैदरनगर में आयोजित कैंप में करने के लिये प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक के बकायेदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया जायेगा। साथ ही दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी। कनीय अभियंता ने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुये जल्द से जल्द कनेक्शन लेने का निर्देश दिया है। कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय में अथवा कनेक्शन लेने के लिये आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। साथ ही सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### अकीदत के साथ अदा की गयी जुमे की पहली नमाज

# गुनाहों से दूर रहने की सीख देता है रमजान

**हुसैनाबाद।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्सव सा माहौल देखा गया। नमाज अदा करने को लेकर हुसैनाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ पहुंची। सुबह 11 बजे से रोजेदारों का मस्जिदों में आने का सिलसिला शुरू हो गया । नमाज अदा करने को लेकर शहर के लंबी गली मोहल्ले में स्थित जामा मस्जिद, इस्लामगंज, नूरी मस्जिद चिक टोली, जपला चौबे, मिर्जापुर, मोहम्दाबाद के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के ऊपरी, फातमा चक, बुधुआ, देवरी, दंगवार समेत कई मस्जिदों में लोगों ने पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की। नमाज के पूर्व देवरी मस्जिद में तकरीर करते हुये हाफिज मोहम्मद कलाम ने कहा कि रमजान के महीने में गुनाहों से परे रहना चाहिए। झूठ, फरेब, हकमारी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक माह ही यह धर्म निभाना काफी नहीं है। जब तक जिंदगी है, कोशिश करनी चाहिए कि हम किसी भी प्रकार के गुनाहों से बचें। उन्होंने इस्लाम व रोजे की महत्ता पर प्रकाश डाला। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने समाज में अमन-चैन व देश की तरक्की के लिये अल्लाह पाक से दुआ मांगी।



### राजकीय बुनियादी विद्यालय में लक्ष्मीबाई आत्मरक्षक प्रशिक्षण शिविर

# छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के करार पंचायत के राजकीय बुनियादी विद्यालय में लक्ष्मीबाई आत्मरक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्राओं को प्रशिक्षण पत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पांकी मध्य की जिला परिषद खुशबू कुमारी ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को सशक्त बनाने के लिये उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी है। साथ ही समाज और सरकार की भी जबाबदेही है कि समाज में महिलाओं को स्वतंत्रता और बराबरी का अधिकार मिले तथा उन्हें समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने सरकार से मांग की कि छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा की गारंटी मिलने के साथ ही सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाये। मौके पर मीना देवी, प्रधानाध्यापक तालकेश्वर सिंह, बसंत सिंह,राकेश कुमार, श्रवण रजक, आत्मरक्षा ट्रेनर मुकेश कुमार सिंह, सोनी देवी ,कमला देवी , शिक्षक आयुष कुमार, इंद्रजीत कुमार पाठक, राजीव कुमार सिंह , आशीष कुमार मौजूद थे।



**छात्राओं से कराया जनमीनार का उद्घाटन**

विदित हो कि जिला परिषद मद से राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय में जलमीनार लगाया गया है। जिला परिषद खुशबू कुमारी ने विद्यालय की छात्राओं से जलमीनार का उद्घाटन कराकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि यही छात्राएं समाज व देश का भविष्य हैं। देश व समाज के विकास के लिये छात्राओं को हर तरह से सशक्त करना आवश्यक है।

# इंडियन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने झटके दो स्वर्ण

**आसनसोल में आयोजित कराटे स्पर्धा में दिखाया दमखम**

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के कुंदरी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आसनसोल में आयोजित कराटे स्पर्धा में दो स्वर्ण सहित तीन पदकों पर कब्जा जमाया। विदित हो कि कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप में पलामू के आठ बाल कराटेकारों ने भाग लिया था। जिसमें इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी की सृष्टिप्रिया व दीपिका राज ने गोल्ड व सृष्टि कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। बच्चों ने पूरे पलामू सहित झारखंड को भी गौरवान्वित किया है। नीलांबर -पीतांबरपुर थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता वह उनके सहयोगी रंजीत कुमार शाह ने अपने हाथों से बच्चों को मेडल देकर उनकी हौसला आफजाई की। स्कूल के डायरेक्टर दिलीप कुमार ने कहा कि इससे अन्य बच्चों को भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। मौके पर प्रिंसिपल अनु मिश्रा, टीचर पूजा राज, खुशबू तिवारी अंजली गुप्ता,प्रेम , चंचल, पूनम आदि मौजूद रहीं।



# विधायक ने 80 लाख की आठ योजनाओं की रखी आधारशिला

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को हरिहरगंज नगर पंचायत में 80 लाख की आठ योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। नपं अंतर्गत वार्ड 14 में छोटकी पहाड़ी से पांकर पेड़ तक पीसीसी तथा इसी वार्ड में चातर से ढाबी आहर तक पीसीसी, वार्ड 13 सामुदायिक भवन से पप्पू शौंडिक के घर तक पीसीसी, वार्ड 11 में आरइओ रोड़ से रामप्रवेश सिंह के खेत तक पीसीसी तथा इसी वार्ड में आरइओ रोड़ से चातर तक पीसीसी पथ, वार्ड 9 में गुप्ता पासवान के घर से अररुआ कला चौक तक पीसीसी पथ, वार्ड 15 में आरइओ रोड़ से प्रवेश पासी के घर तक पीसीसी पथ तथा वार्ड 4 में दरोगी यादव के घर से उमेश गोस्वामी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास किया। कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर अभय कुमार सिंह, विकास यादव, अंकित सिंह, शैलेश यादव, गणेश कुमार, कुंदन यादव, धर्मेंद्र पटेल, अजय सिंह, चंदन जायसवाल, मनोज गुप्ता, प्रवीण सिंह, शशिभूषण सिंह, मंजीत कुमार, मुकेश कुमार, अवधेश यादव उपस्थित थे।




# लोस चुनाव शांति पूर्वक कराने के निर्देश

**प्रखंड कार्यालय सभागार में एसडीओ ने की बैठक**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी, अंचलाधिकारी रणवीर कुमार के अलावा प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में कोताही बरतने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र की सभी सीमाओं पर चौकसी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने-अपने कार्य को सही तरीके से निष्पादित करें। साथ ही प्रखंड से सटे बिहार बार्डर पर सघन निगरानी रखें।

### नौडीहा में आयोजन, विधायक ने सभी को दी बधाई

# होली मिलन में जमकर उड़े गुलाल

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** नौडीहा पंचायत के ग्राम नौडीहा में नवयुवक होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता के साथ मनातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि उद्देश्य कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, नौडीहा पंचायत मुखिया बंधु भुइया आदि ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया । कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। विधायक ने कहा कि अब क्षेत्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। सभी इसमें गोता लगाकर पुण्य फल के भागी बनें। संयोजक रवि कुमार यादव, अध्यक्ष शिवशंकर यादव, सचिव सुरेन्द्र यादव , कोषाध्यक्ष पंकज यादव, उपाध्यक्ष बबन यादव, उपसचिव जितेंद्र यादव, उप कोषाध्यक्ष पंकज भुईयां आदि ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर उज्वल यादव, मनोज यादव, अनिल यादव, अक्षय यादव ,अजय यादव,रामनंदन भुईयां आदि मौजूद रहे।



# जिप सदस्य ने किया पंचायत सचिवालय का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के तूरी गांव में शुक्रवार को पंचायत सचिवालय निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिप सदस्य मंजू देवी तथा पंचायत के मुखिया सह हरिहरगंज मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप यादव, पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव तथा समाजसेवी राजेश राम ने नारियल फोडक किया। जिप सदस्य मंजू देवी व मुखिया संदीप यादव ने कहा कि पंचायत सचिवालय के नहीं रहने से पंचायत स्तरीय कार्य में कठिनाई उत्पन्न होती थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिला परिषद मद से टेंडर कराया गया है। इस अवसर पर उमा यादव, कुंदन यादव, सत्येंद्र यादव, विजय यादव, संजय, शिवनाथ यादव, प्रकाश यादव ,गुड्डू कुमार, सरोज यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# पकरीया मुखिया ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** प्रखंड के पकरीया पंचायत की मुखिया सुमन कुमारी के द्वारा शुक्रवार की दोपहर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 15वें वित्त से कई विकास योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये मुखिया सुमन कुमारी ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास उनका प्रमुख लक्ष्य है। पकरिया पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं। ग्रामीणों की आवश्यकताओं को देखते हुए हर गांव में नाली का निर्माण कार्य जोर-शोर से हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया के आगमन पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर मुखिया के अलावा प्रतिनिधि मिंटी कुमार वर्मा, उप मुखिया पति राज किशोर सिंह, द्वारिका राम, मिथुन सिंह, वार्ड सदस्य कंचन देवी, हेमंत कुमार, अमित शर्मा, मिथलू पासवान उपस्थित थे।



# पंचायत स्वयं सेवकों ने बीडीओ को दिया योगदान पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने हुसैनाबाद बीडीओ के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना योगदान दिया। इस दौरान स्वयं सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आठ जुलाई से राजभवन के समक्ष 253 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। गत 12 मार्च को राज्य मंत्री परिषद की बैठक में संघ की कुछ मांगो को सरकार ने मान ली है। इसलिए स्वयंसेवक संघ ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड की पंचायतों पर कल से सभी स्वयं सेवक पंचायत सहायक के रूप में अपना योगदान देंगे। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं पर अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। मौके पर ललन पासवान,सुधीर कुमार शर्मा,राहुल प्रजापति, कुसुम कुमारी,सत्येंद्र कुमार ठाकुर,अरुण कुमार,पप्पू कुमार,जितेंद्र पासवान, सविता सिंह मौजूद रहीं।



### आश्वासन — विधायक कमलेश सिंह ने दिया भरोसा, संघर्ष में सहयोग का संकल्प

# कामत गांव की आदिवासी महिलाओं को मिलेगा इंसाफ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के कामत गांव निवासी आदिवासी महिलाओं ने शुक्रवार को हुसैनाबाद स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवास पर पहुंचकर बीडीओ और बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। साकुंती उरांव ने कहा कि 29 नवंबर 2023 को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा की गई थी। जिसमे आम सभा में उपस्थित ग्रामीणों की सर्वसम्मति से सेविका पद पर उनका चयन हुआ था। सभा के बाद चयन पत्र मांगने पर बालविकास परियोजना हुसैनाबाद की पयर्वेक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि चयन पत्र बाद में मिल जायेगा,लेकिन बार-बार बाल विकास परियोजना कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें चयन पत्र नहीं मिला। पुनः 12 मार्च 2024 को कामत गांव में हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार व पयर्वेक्षिका ने आकर कहा कि सेविका चयन के लिए आमसभा करना है। आमसभा में फिर से ग्रामीणों ने उन्हीं का चयन किया। इस पर गुस्से से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये पदाधिकारियों द्वारा उनके साथ जमकर दुर्व्यवहार किया गया। कहने लगे जहां जाना है वहां जाओ। वे जिसका चाहेंगे। उसी का चयन करेंगे। शकुंती ने विधायक को सारे वाक्ये से अवगत कराते हुये बताया कि उल्टे उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।



**शकुंति को मिलेगा न्याय**



विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की शकुंति उरांव को न्याय मिलेगा। उन्होंने मामले की जांच का निर्देश डीएसडब्ल्यूओ को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विभागों के अधिकारियों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। बीडीओ एवं सीओ कार्यालयों में बिचौलिये हावी हैं। विधायक कार्यालय में एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने महिलाओं की समस्यायें सुनकर उनका विधायक से बात कराया।

**कई वर्षों से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं किरण कुमारी**

वहीं इस मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है की किरण कुमारी कई वर्षो से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। जहां भी आम सभा के माध्यम से आंगनवाड़ी सेविका का चयन होता है। चयनित सेविका को चयन पत्र नहीं सौंपा जाता है। इनकी मनमानी से हुसैनाबाद प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका परेशान हैं। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

संसेक्स 72,643.43 ▲ -453.85
डॉलर 82.894 ▼ -0.070

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 32.0 | 19.0 | 29.0 |
| धनबाद | 34.0 | 21.0 | 32.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 21.0 | 32.0 |
| पलामू | 34.0 | 19.0 | 31.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 149, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को ...09
डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत और ...14 — देश/विदेश



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित






## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,720
चांदी (किलो) 75,640

## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक अब 16 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से होगी। पहले यह बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से होने वाली थी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 29 अप्रैल मुकर्रर की है। पूजा सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। उस समय से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

### उग्रवादियों ने दो वाहनों को फूंका

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र में बलोदर से गोबरदहा के बीच चल रहे सड़क निर्माण स्थल पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। टीपीसी उग्रवादियों ने जेसीबी और एक ट्रैक्टर को जला दिया। घटना गुरुवार देर रात की है।

### बांग्ला व ओड़िया भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू करना प्राथमिकता

# आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद जरूरी : चंपाई सोरेन

### राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तभी स्मार्ट गांव की परिकल्पना पूरी होगी

**मुख्यमंत्री ने पोटका में महाविद्यालय का किया शिलान्यास**

**पूर्वी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को पोटका व चाकुलिया में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करते हुए कहा कि आधुनिक युग में राज्य की युवा पीढ़ी तथा स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। राज्य की दशा और दिशा तभी बदलेगी जब यहां के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अचछे प्रोफेशनल बनेंगे और उच्च पदों को सुशोभित करेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पोटका में डिग्री कॉलेज बन जाने से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब जमशेदपुर या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की समृद्ध जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विकास व संवर्धन के लिए अब प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में बांग्ला व ओड़िया भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू हो यह भी सरकार की प्राथमिकता है। इधर चाकुलिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है। जब राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं शेष पृष्ठ 13 पर

**धनी प्रदेश की जनता गरीबी रेखा से नीचे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है लेकिन यहां की जनता गरीबी रेखा से नीचे रहकर जीवन यापन करती है। जब यहां बच्चे मैट्रिक पास करते हैं तब परिवार की आर्थिक हालत खराब रहने के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़कर शेष पृष्ठ 13 पर

## विश्वविद्यालय युवाओं को सशक्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है : राज्यपाल



**रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में 4043 मेधावियों को दी गई उपाधि**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है। मानव सभ्यताओं की प्रगति इस धारणा की पुष्टि करती है कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसकी शिक्षित आबादी की क्षमता पर निर्भर करती है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि बोल रहे थे। दीक्षांत समारोह में कुल 4043 विद्यार्थियों को उपाधि दी गयी। राधाकृष्णन ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, भारत विश्व में सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों, दार्शनिकों, खगोलशास्त्रियों, गणितज्ञों, वैज्ञानिकों, भाषाविदों के लिए जाना जाता है, जिन्होंने प्राचीन काल से ही जीवन के सभी क्षेत्रों में मानवता के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूरा विश्व आज भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देख रहा है, जिसमें मानव जाति की जीवन शैली को समृद्ध करने की जबरदस्त क्षमता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को योग की अहमियत पता है। भारत का यह अमूल्य उपहार संपूर्ण विश्व को है। राज्यपाल ने शेष पृष्ठ 13 पर

## टंडवा में भीषण सड़क हादसा दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा** थाना क्षेत्र के अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित सियानी उर्फ मधवापुर के समीप शुक्रवार देर शाम भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना शाम लगभग 7 बजे तब हुई जब ओमनी कार में सवार होकर सिमरिया की ओर से केरेडारी के ओम शांति नामक धार्मिक संस्था की 10 महिलाएं लौट रहीं थीं। इसी दरम्यान कोलवाहन ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दो की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। विभत्स हादसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर लगते ही दो क्षत-विक्षत शव सड़क में जहां-तहां फैल गये। सूचना पाकर घटनास्थल शेष पृष्ठ 13 पर

**शव के साथ सड़क पर बैठे परिजन व जनप्रतिनिधि**

बगैर मुआवजा दिये शव को अपने कब्जे में लेने आई पुलिस को आक्रोशित परिजनों के साथ स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन व सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। ये शव के सामने ही सड़क पर बैठ गये। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में चट्टी बारियातु कोल परियोजना से तमाम विरोधों के बावजूद दरकिनार कर हो रहे परिचालन को बड़ा कारण माना जा रहा है।

## भाजपा के मंत्री के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं : राजनाथ

**■ इटखोरी पहुंचे रक्षा मंत्री ने कहा- पूर्व की कांग्रेस सरकार में जितने मंत्री रहे सभी के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** पूर्व की कांग्रेस सरकार में जितने मंत्री रहे सभी के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, लेकिन भाजपा के मंत्री के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लग पाया। उक्त बातें शुक्रवार को जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित माता भद्रकाली मंदिर महोत्सव स्थल के समीप भारतीय जनता पार्टी के बूथ समिति सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबों ने गर्मजोशी से स्वागत किया इसके लिए में आपका आभारी हूं। मेरी पत्नी भी झारखंड की है, इसलिए झारखंड से मेरा आत्मीय रिश्ता है। पार्टी की



ऊंचाई के लिए मैंने रात दिन मेहनत की है। भारत की कद्र पूरे विश्व में बढ़ी है। देश के हर व्यक्ति को स्वाभिमानी होना चाहिए लेकिन संयमी भी होना चाहिए। पार्टी जो भी फैसला करेगी उसे हमें स्वीकार कर लेना चाहिए। आगे कहा कि झारखंड एक संपन्न राज्य है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री पुलिस के डर से दो दिन गायब रहे, उसके बाद पुलिस की गिरफ्त में आए और आज जेल के अंदर बंद हैं। वैसे ही झारखंड के राज्यसभा सांसद के घर में छापेमारी के दौरान निकले नोटों की मशीनों से कई दिनों तक गिनती की गई। अब यहां आपको सोचना है कि आपको कैसी सरकार चाहिए। विगत रघुवर सरकार ने माता भद्रकाली के विकास के लिए 500 करोड रुपये दिए थे, लेकिन इस सरकार ने कार्य होने से रोक दिया। सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि में 1980 से एक कार्यकर्ता के रूप में झारखंड में काम करता आया हूं और कार्य करता रहूंगा। टिकट चाहे किसी भी व्यक्ति को मिले मैं सच्चे कार्यकर्ता के रूप में कार्य करूंगा। मौके पर सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, प्रतिपक्ष नेता अमरकुमार बाउरी, पाकी विधायक शशि भूषण मेहता, जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक जयप्रकाश भोक्ता, पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, कालीचरण सिंह, नीलम यादव, डॉक्टर अभिषेक रामाधीन, उज्वल दास, सुजीत भारती आदि उपस्थित थे।

## बीपीएससी शिक्षक परीक्षा का पेपर लीक, दो सौ परीक्षार्थियों से पूछताछ

**सुनील श्रीवास्ताव**

**हजारीबाग।** बिहार बीपीएससी शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया है। झारखंड के हजारीबाग में 200 से ज्यादा छात्रों को लीक प्रश्नपत्र के आधार पर हजारीबाग के एक बैंक्वेट हॉल में तैयारी कराने के बाद परीक्षा दिलाने दो बसों से ले जाया जा रहा था। तभी बिहार पुलिस ने बरही में दोनों बसों को रोक सभी परीक्षार्थियों को रोक लिया गया। ये सभी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। सभी परीक्षार्थी बिहार के बताये जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी हैं। बिहार पुलिस ने करीब दो सौ छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस को टिप मिली थी कि अलग अलग बसों में भरकर कुछ अभियर्थी बिहार बीएससी शिक्षक पात्रता परीक्षा देने जा रहे हैं जिनके पास पहले से प्रश्न पत्र मौजूद है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बसों को बरही में रुकवा कर तलाशी शुरू कर दी। शक होने पर अभियार्थियों के रुकने के पते, कोहिनूर बैंक्वेट हॉल में छापेमारी की गई जो कई घंटों तक चली। छापामारी में परीक्षा से शेष पृष्ठ 13 पर

## आज होगी लोस व कुछ राज्यों के विस चुनावों की घोषणा

**घोषणा होते ही लागू हो जाएगी चुनावी आचार संहिता**

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा शनिवार को 3 बजे करेगा। इसके साथ ही ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश व आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव की तारीखों की भी घोषणा होगी। जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव कराने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव आयोग की इस घोषणा के साथ ही देश भर में चुनावी आचार संहिता लागू हो जाएगी और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक (चुनावी परिणाम आने तक) लागू रहेगी। आचार संहिता लागू होते ही सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग के कर्मचारी बन जाते हैं। चुनाव शेष पृष्ठ 13 पर

### चुनाव घोषणा के बाद क्या हो सकता है क्या नहीं

- आचार संहिता लागू होने पर सरकार नई योजना व नई घोषणाएं नहीं कर सकती। भूमिपूजन और लोकार्पण भी नहीं हो सकते।
- चुनाव प्रचार के लिए सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सरकारी गाड़ी, बंगला, हवाई जहाज का उपयोग वर्जित होता है।
- राजनीतिक दलों को रैली, जुलूस या फिर मीटिंग के लिए परमिशन लेनी होती है।
- धार्मिक स्थलों और प्रतीकों का इस्तेमाल चुनाव के दौरान नहीं किया जाता है।
- मतदाताओं को किसी भी तरह से रिश्वत नहीं दी जा सकती है।
- आचार संहिता लागू होते ही दीवारों पर लिखे गए सभी तरह के पार्टी संबंधी नारे व प्रचार सामग्री हटा दी जाती है। होर्डिंग, बैनर व पोस्टर भी हटा दिए जाते हैं।
- मतदान केंद्रों पर वोटरों को लाने के लिए गाड़ी मुहैया नहीं करा सकते हैं।
- मतदान के दिन और इसके 24 घंटे पहले किसी को शराब वितरित नहीं की जा सकती है।
- चुनाव कार्यों से जुड़े किसी भी अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होती है।
- किसी भी प्रत्याशी या पार्टी पर निजी हमले नहीं किए जा सकते हैं।
- किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे।
- आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पेंशन फॉर्म जमा नहीं हो सकते और नए राशन कार्ड भी नहीं बनाए जा सकते।
- विधायक, सांसद या विधान परिषद के सदस्य लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड से नई राशि जारी नहीं कर सकते हैं।
- सरकारी खर्चे पर किसी नेता के आवास पर इफ्तार पार्टी या अन्य पार्टियों का आयोजन नहीं कराया जा सकता है।
- कोई भी नया सरकारी काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी जारी नहीं होंगे।
- आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बड़ी बिल्डिंगों को क्लीयरेंस नहीं दी जाती है।
- मतदान के दिन मतदान केंद्र से सौ मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार पर रोक और मतदान से एक दिन पहले किसी भी बैठक पर रोक लग जाती है।
- हथियार रखने के लिए नया आर्म्स लाइसेंस नहीं बनेगा। बीपीएल के पीले कार्ड नहीं बनाए जाएंगे।

### इस पर रोक लगाने की 237 याचिकाएं हुई हैं दाखिल

## सुप्रीम कोर्ट करेगा सीएए पर सुनवाई

**कई संगठनों व दलों ने इसे मनमाना कहा है**

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार 15 मार्च को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2024 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई की सहमति जताई है। इस मामले पर तुरंत सुनवाई की मांग करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, ह्लसीएए 2019 में पारित किया गया था। उस समय कोई नियम नहीं था, इसलिए कोई रोक नहीं दी गई थी। अब उन्होंने चुनाव से पहले नियमों को नोटिफाई कर दिया है। यदि नागरिकता दी गई, तो इसे बदलना असंभव होगा। इसलिए अंतरिम आवेदन पर सुनवाई की जा सकती है।ह्वजिसके विरोध में केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता के पास नागरिकता देने पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने तब कहा कि वह नियमों पर रोक लगाने की मांग करने वाले सभी आवेदनों को मंगलवार 19 मार्च को सुनवाई के लिए लिस्टेड करेगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि 237 याचिकाओं वाले पूरे बैच को नए आवेदनों के साथ लिस्ट किया जाएगा। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को नोटिफाइड किया था। जो प्रभावी रूप से 2019 के विवादास्पद सीएए को लागू करता है। केंद्र सरकार द्वारा सीएए के लिए नियम जारी करने के एक दिन बाद, केरल के राजनीतिक दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील की । इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने मांग की कि विवादित कानून और विनियमों पर रोक लगाई जाए, और इस कानून के लाभ से वंचित मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाए। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के अलावा, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया असम विधानसभा में विपक्ष के नेता, देबब्रत और असम से कांग्रेस सांसद शेष पृष्ठ 13 पर

## इंडिया 400 सीटों का दावा उत्तर विरोधी दक्षिण की राजनीति और भाजपा



सुनील बादल

**लोकसभा** चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और उत्तर और हिन्दी विरोधी राजनीति के बीच दक्षिण में अपनी पकड़ तेज करने के लिए भाजपा प्रचार में लग गई है। 17 मार्च से दक्षिण का दौरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में पार्टी के अभियानों की अगुवाई कर रहे हैं। तमिलनाडु में इस साल पहली बार भाजपा बिना किसी गठबंधन के है। दरअसल, भाजपा के राज्य प्रमुख के. अन्नामलाई को लेकर विवाद के बीच पिछले साल अन्नाद्रमुक ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडी से गठबंधन तोड़ लिया था। पीएम मोदी ने आज कन्याकुमारी में प्रचार किया। यहां भाजपा की मजबूत उपस्थिति है। लोकसभा चुनाव से पहले ही पार्टी यहां पीएमके और अभिनेता विजयकांत की डीएमडीके को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु में भाजपा लगातार वंशवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार को लेकर डीएमके पर निशाना साध रही है। पीएम मोदी केरल के पथानामथिट्टा के एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया जिसमें लगभग एक लाख लोग शामिल हुए। बैठक में एनडीए के लोकसभा सांसद वी मुरलीधरन, अनिल के एंटनी, शोभा सुरेंद्रन और बैजू कलासाला भी शामिल हुए। कल केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरन की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भी इस बैठक में मौजूद रहेंगी। बता दें कि पद्मजा वेणुगोपाल ने हाल ही में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है। पीएम मोदी तेलंगाना में भी प्रचार करेंगे। मल्काजगिरी में एक रोड शो में शामिल होंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार एटाला राजेंदर और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल होंगे। रोड शो के कारण पुलिस ने आम लोगों के लिए ट्रैफिक एडवायजरी जारी की है। रोड शो खत्म होने तक कुछ इलाके जनता के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। पीएम मोदी राजभवन में रात गुजारने के बाद कल नगरकुरनूल में एक बैठक में शामिल होंगे। रविवार को प्रधानमंत्री चिलकलुरिपेटा में भाजपा-टीडीपी और जनसेना की संयुक्त बैठक में शामिल होंगे।भाजपा ने जिस तरह दक्षिण भारत के






राज्यों में अपने समीकरण ठीक करने शुरू किए हैं, माना जा रहा है कि पार्टी 400 सीटों की संख्या पार कर सकती है। यानी प्रधानमंत्री मोदी का 400 सीटों का वादा चुनावी जुमला नहीं, बल्कि भाजपा की ठोस रणनीति पर आधारित अनुमान था, जिसकी परतें अब खुलनी शुरू हुई हैं। भाजपा के एक नेता के अनुसार, पार्टी नेताओं की एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका इशारा कर दिया था। नेता के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा था कि पत्थर पर लकीर वे स्वयं खींचेंगे, जबकि मक्खन पर लकीर खींचने का काम पार्टी के दूसरे नेताओं को करना है। नेता के अनुसार, प्रधानमंत्री का आशय था कि दक्षिण के मुश्किल मिशन पर जीत हासिल करने का काम वे स्वयं करेंगे, जबकि उत्तर भारत के राज्यों में जहां पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में पहुंच चुकी है, वहां जीत हासिल करने का काम पार्टी के दूसरे नेताओं को करना है। इस बैठक के बाद ही प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत में अपने दौरों को अचानक बढ़ा दिया था।आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की स्थिति कुछ कमजोर होती दिख रही है। इसका सीधा लाभ तेलगुदेशम पार्टी को मिल सकता है, जो एनडीए में लगभग आ चुकी है। इसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पवन कल्याण की लोकप्रियता भी आंध्र प्रदेश में एनडीए को मजबूती दे सकती है। भाजपा लगभग पांच सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जिसमें दो सीटों पर उसकी संभावना ज्यादा मजबूत हो सकती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि इससे दक्षिण के इस बेहद महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा को लाभ मिल सकता है। अब तक यह तय हो चुका है कि तेलंगाना में भाजपा बीआरएस के साथ चुनाव में नहीं जाएगी, लेकिन इसके बाद भी राज्य में उसे नौ से दस सीटों के जीतने का अनुमान है। ओडिशा में बीजू जनता दल के साथ में आने की संभावना बन चुकी है। इसकी घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि बीजू जनता दल के साथ आने से एनडीए राज्य की सभी 21 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है। यानी दक्षिण में भी भाजपा उत्तर भारत की तरह क्लीन स्वीप कर सकती है। तमिलनाडु और केरल में पार्टी के लिए अभी जीत की राह आसान नहीं हुई है, लेकिन इसके बाद भी इन राज्यों में पार्टी अपने लिए दो से तीन सीटों पर जीत हासिल करने का अनुमान लगा रही है। पार्टी का अनुमान है कि जिस तरह केरल के कई प्रभावशाली ईसाई नेता उसके साथ आए हैं, हिंदू मतदाताओं के साथ जुड़ने पर उसे इसका लाभ मिल सकता है। यानी इस बार केरल से भी राजनीतिक पंडितों के लिए भाजपा के संदर्भ में चौंकाने वाले परिणाम आ सकते हैं।

### शराबी पिता की नाबालिग पुत्र ने डंडे से पीट-पीट की हत्या

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के सासो जंगरा टोली निवासी महावीर लोहार (61) की हत्या डंडे से पीट-पीट कर नाबालिक पुत्र लालदेव लोहार ने कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक महावीर लोहार हमेशा शराब पी कर घर में सभी सदस्यों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करता रहता था। बीती रात मृतक ने अपने पुत्र के साथ काफी मारपीट की थी। इसके बाद पुत्र ने अपने शराबी पिता पर डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी। इसकी सूचना परिजनों ने तुरंत घाघरा थाना को दी। घाघरा थाना अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी लालदेव लोहार (14) को गिरफ्तार कर पुलिस थाना ले आई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया गया। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने खून से लगा डंडा बरामद किया।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।** न्यायिक मामलों से जुड़ा होने के कारण समाज में अधिवक्ताओं का दायित्व बढ़ जाता है। अधिवक्ता यदि अपने दायित्वों का निर्वाहन सही ढ़ग से करेंगे तो निश्चित ही सभी को न्याय मिलेग।
**श्याम बिहारी राय, वरिष्ठ अधिवक्ता।**

## आयुक्त ने लिया एनपीयू के कुलपति का प्रभार

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के नये कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। राजभवन से जारी



अधिसूचना के आलोक में श्री मुंडा ने शुक्रवार को कुलपति के रूप में स्वतः प्रभार ग्रहण किया। इसके पूर्व प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी

### किसी काम से पटना गये थे परिजन, मौका पाकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम

# एसएसबी जवान के घर से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना बैंक कालोनी स्थित एसएसबी जवान सूरज सिंह के घर गुरुवार की रात चोरों ने नगदी सहित लाखों का सामान चुरा लिया। जानकारी के अनुसार घर के सभी सदस्य किसी कार्य से पटना गये थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर को सूना पाकर ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार की सुबह जवान की मां किरण सिंह जब पटना से घर लौटीं तो ताला टूटा देख वे



अवाक रह गयीं। अंदर जाने पर उन्होंने पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। जानकारी मिलते ही वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। टीओपी तीन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गए है। पीड़िता ने बताया कि करीब 15 लाख रुपये से अधिक के आभूषण और दो लाख रुपये नगद चोरों के हाथ लगे हैं। घटना के बाद से आसपास के लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। बताते चलें की डेढ़ महीने के अंदर शांतिपुरी, हाउसिंग कॉलोनी इलाके में चोरी की कई घटनायें हो चुकी हैं। किसी भी मामले में गिरफ्तारी नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।



जलस्रोत के पास बह रहा नाला स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के दावों की कलई खोल रहा है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### डीआईजी संजय रंजन बने आजसू के महासचिव, हर्ष

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के मूल निवासी और सेवानिवृत्त डीआईजी संजय रंजन को आजसू पार्टी का केन्द्रीय महासचिव बनाये जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि श्री रंजन के अनुभव का निश्चित ही पार्टी को लाभ मिलेगा। इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। मौके पर बिकेश शुक्ला, इम्तियाज अहमद नजमी, विजय मेहता, बबलू गुप्ता, केन्द्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला, जिला कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### वैश्य युवा समाज का होली मिलन 17 को

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य युवा समाज द्वारा 17 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आश्य की जानकारी समाज के अध्यक्ष अमर कुमार गुप्ता ने दी है। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को समाज के द्वारा आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। मिलन समारोह के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शिव बद्री रिसोर्ट के उर्मिला वाटिका में किया जाएगा।

### एलसीएमसीएच में मोतियाबिंद के 100 रोगियों का हुआ ऑपरेशन

**विश्रामपुर, प्रतिनिधि।** पलामू जिले के विश्रामपुर स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को दो दिनी फ्री आई कैंप शुरू हुआ। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कुलपति डां कल्याण कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य विवेक कश्यप, भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव के साथ गुरुपद संभव राम की तस्वीर की पूजा कर कैंप का उदघाटन किया। पहले दिन मोतियाबिंद के 100 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। विधायक ने इस क्रम में कहा कि नेत्र ज्योति देना दुनिया का सबसे पुनीत कार्य है। इसे लक्ष्य बनाकर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से दो दिवसीय आई कैंप का आयोजन किया गया है। समय व जरूरत के अनुसार आगे भी निःशुल्क कैंप आयोजित किए जाएंगे। वे गरीबी और बेबसी को बहुत करीब से देखा है। राज्य के अनुभवी चिकित्सक नेत्र जांच व आपरेशन कर रहे हैं। 100 रोगियों का आपरेशन फेंको पद्धति से किया गया।

### एकौनी गांव के कई घरों में बिजली आपूर्ति बाधित

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लोटनियां पंचायत के एकौनी गांव के बिजली उपभोक्ताओं ने विभागीय सहायक विद्युत अभियंता को आवेदन देकर बिजली चालू कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि गांव के ही अरविन्द यादव, विजय यादव, मुन्ना यादव ने पूर्व से गड़े बिजली खंभे को उखाड़ने के बाद तार भी खोल लिया है। जिसे अपने मन मुताबिक रास्ते से बिजली ले जाने कार्य कर रहे है। इससे उपभोक्ता विनोद यादव, मुंद्रिका यादव, अंबिका यादव, महेन्द्र यादव, प्रमोद यादव के घर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। अब तक उनके कनेक्शन नहीं जोड़े जाने से घरों में अंधेरा रहने से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित करने में संलिप्त दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए पांकी विधानसभा में किया गया मॉकपोल , किया जागरूक

# पसंदीदा सरकार के लिये गर्व से करें मतदान : नगर आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हो,इसे सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप अंतर्गत कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में पांकी विधानसभा अंतर्गत लेस्लीगंज, तरहसी व पांकी के पांच बूथों पर काल्पनिक मतदान कराया गया। यहां बूथ पर प्रीजाडिंग ऑफीसर के रूप में फ्यूचर वोटर

**मतदान करने आये लोगों से दूसरे अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के प्रति प्रेरित करने की अपील की गई**

को तैनात किया गया था। उन सभी ने बूथों पर मतदान करने आये स्थानीय वोटर का नाम मतदाता सूची से मिलान किया। इसके बाद संबंधित मतदाता के उंगली पर स्याही लगायी गयी। जिसके बाद ईवीएम के कटआउट पर मतदान कराया गया। इस दौरान सभी से वास्तविक मतदान दिवस के दिन मतदान आवश्यक रूप से करने की अपील की गई। मतदान करने आये लोगों से दूसरे अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के प्रति प्रेरित करने की अपील की गई। ज्ञातव्य है कि पिछले लोकसभा चुनावों(2019) में उपरोक्त पांचो बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इस चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके इसी उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत यह मॉकपोल का आयोजन किया गया।

### इस बार 80 पार के संकल्प के साथ करें मतदान

मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के

**सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर काल्पनिक मतदान का आयोजन**



नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन ने कहा कि इस मॉकपोल का एकमात्र उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।आज सभी लोग आकर मतदान किये। इसी तरह वास्तविक मतदान के दिन भी पूरी उत्सुकता के साथ अपना मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आपके वोट से ही सरकार बनती है इसी गर्व से आप सभी को मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आज मॉकड्रील में काल्पनिक मतदान के दिन जिस तरह से स्थानीय बीएलओ ने सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया है यह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान के दिन भी मतदाताओं को जागरूक करने में अपना शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही। इस पूरे मॉकपोल को सफल बनाने में एल्विन थॉमस का अहम योगदान रहा।

**बल्ड बैंक में ब्लड की उपलब्धता के लिये शिविर का आयोजन जरूरी**

# रक्तदान कर थेलेसिमिया मरीज की बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती पलामू जिला अंतर्गत सुआ कोडिया निवासी अमृत राम के सिकील थेलेसिमिया से पीड़ित पुत्र 20 वर्षीय नीतीश कुमार को रक्त उपलब्ध कराकर समाजसेवी मनीष श्रीवास्तव ने उनकी जान बचायी। बताया जाता है हीमोग्लोबिन घटकर महज छह ग्राम रहने के कारण नीतीश को ए पॉजीटिव रक्त की सख्त आवश्यकता थी। बल्ड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण मरीज के परिजन इधर-उधर भटक रहे थे। जानकारी मिलने पर पर एमएमसीएच परिसर स्थित पलामू ब्लड बैंक ने रांची के सामाजिक कार्यकर्ता रंजन कुमार एवं धीरज मिश्रा से संपर्क साधा। जिस पर तत्काल पहल करते हुये उन्होंने सक्रिय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। उसके बाद मनीष श्रीवास्तव ने ए पॉजिटिव रक्तदान कर उक्त मरीज की जान बचाई । पलामू प्रमंडल में रक्तदान जागरूकता अभियान चला कर रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे धीरज मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करना



जीवनदान के समान है। ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण जरूरतमंद मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जिले में नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना जरूरी है, ताकि रक्त के अभाव में किसी की भी जान न जाये। सभी ने मनीष के पहल की सराहना की है।

# अकीदत के साथ अदा की गयी जुमे की नमाज



**मेदिनीनगर।** हिजरी संवत के पाक माह रमजान के पहले जुमे को नमाज अदा करने के लिये क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। छह मुहान स्थित बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भारी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज अदा करने को लेकर रोजेदारों में विशेष उत्साह देखा गया। धीरे-धीरे बाजारों में रमजान को लेकर चहल-पहल बढ़ती जा रही है। तरह-तरह की सेवईंया सहित अफ्तार से संबंधित सामग्रियों की दुकानें सजने लगी हैं। साथ ही कपड़ों की खरीदारी भी शुरू हो गयी है। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भोर सहरी के समय काफी चहलपहल देखी जा रही है।

### झारखंड परिवहन मजदूरी यूनियन ने जताया रोष, किया ऐलान

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का किया शंखनाद

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला परिवहन कार्यालय में व्यापक अनियमितता का आरोप लगाते हुये झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन ने रोष जताते हुये आंदोलन का शंखनाद किया है। यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री राकेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि विभाग में भ्रष्टाचार हावी है। आलम यह है कि उपायुक्त पलामू एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के स्थानांतरण आदेश के बाद भी कार्यालय में लूट-खसोट का पर्याय बन चुके वरीय लिपिक व मोटर निरीक्षक पदाधिकारी लंबे समय से जमे हुये



**18 मार्च को हल्ला बोल जनजागरण एवं 19 मार्च को डीसी कार्यालय का घेराव प्रदर्शन**

हैं। इस संदर्भ में 13 मार्च को उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर समुचित कार्रवाई के लिये 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इससे आजिज आकर 18 मार्च को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में हल्ला बोल जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से जन-जन तक इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया जायेगा। 19 मार्च को उपायुक्त कार्यालय का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर नागेंद्र गुप्ता, मदन सिंह, रंजीत पासवान, बनारस सिंह, प्रमोद राम, भरत राम, विनोद राम, नागेंद्र कुमार सिंह, बसंत सिंह, राजा ठाकुर उपस्थित थे।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस प्रतिवर्ष 15 मार्च 1983 से मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाने का मूल उद्देश्य है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी आदि का होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 लागू किया गया है। जिसमें उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचने के लिए कई प्रावधान है। उन्होंने बढ़ते बाजार में ग्राहकों के हित सुरक्षित हो इसकी अनुरोध सरकार और जिला प्रशासन से की है।

# भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** नगर क्षेत्र में पुरानी बाजार कुर्मीटोला स्थित श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा का बुधवार की रात्रि समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृंदावन से आयीं देवी शिखा चतुर्वेदी द्वारा श्रद्धालुओं को नौ दिनों तक श्रीराम विवाह,शिव विवाह, सहित रामायण



के विभिनन पात्रों व प्रसंगों से जुड़े कथा का भावपूर्ण प्रवचन किया। बुधवार रात्रि को भव्य भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।वहीं अंतिम दिन मुख्य जजमान सुबोध साहू, धर्मपत्नी ममता देवी ने आचार्या देवी शिखा और उनके सहयोगियों को अंगवस्त्र और उपहार देकर विदाई दी। आयोजन में ओम प्रकाश अग्रवाल,कृष्ण मुरारी अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, टिंकू ,अजित अग्रवाल, संदीप सोनी, अर्जुन चौधरी, बिपिन पटेल, बुलबुल चौधरी,संतोष गर्ग, कामेंद्र पटेल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



नवीन मेल संवाददाता
मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के बिसफुट्टा पुल के समीप शुक्रवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इस घटना को देखने के लिए घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना और सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव की शिनाख्तगी की कोशिश में जुट गयी है।

### जिला कार्यालय में बैठक कर कांग्रेस ने बनायी रणनीति

# पलामू से इंडिया गठबंधन की जीत का किया दावा

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय के सभागार में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने




आवश्यक रणनीति बनायी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने दावा किया कि आगामी लोस चुनाव में पलामू संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि पलामू कांग्रेस की ऐतिहासिक धरती रही है। यहां के कांग्रेसी जनों में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता है। जिसे मजबूती के साथ जगाए रखना है। गठबंधन दलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जायेगा। इसके लिये बकायदा समन्वय कमेटी का गठन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया । बैठक में प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे, शिक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, तारकेश्वर पासवान, शमीम अहमद, राय शंकर पांडे, नसीम खान, नफीस खान, सत्येंद्र सिंह,अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी आदि मौजूद रहे।

**नुकसान** — चार घरों को पहुंचाई क्षति, फसलों को रौंदकर किया नष्ट

# चार दिनों से बारेसांड में जारी है हाथियों का उत्पात



### किसानों में दहशत, हाथियों को खदेड़ने की लगायी गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** हाथियों के एक झुंड ने पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांड रेंज में पिछले चार दिनों से उत्पात मचा कर रखा है। पांच सदस्यों वाले इस झुंड का सरदार एक बड़ा दांत वाला हाथी बताया जा रहा है। झुंड में एक शावक भी शामिल है। शेष तीन हाथी सामान्य बताये जा रहे हैं। झुंड ने रामसैली, पहाड़ कोचा, दंड कोचा गांव में तबाही मचा रखी है। प्रभावी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि इस झुंड ने गुलाबी खाखा, सुधीर खाखा, रूसा सिंह और भूषण सिंह के घरों को नुकसार पहुंचाया है। इन घरों की या तो दीवार को झुंड ने तोड़ दिया है या फिर छत को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके अतिरिक्त दंड कोचा के किसान दिलेश्वर सिंह के आधे एकड़ में



लगे गेहूं की फसल को भी रौंद दिया है। प्रभारी वनपाल ने बताया कि हाथियों का झुंड मध्य रात्रि से चार बजे भोर तक उत्पात मचाता है।

## चार वर्ष से सरिता के घर को बना रहे निशाना

### ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत



पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि इस वर्ष हाथियों के हमले कुछ ज्यादा ही बढ़ गये हैं। उन्होंने ग्रामीणों को सलाह दी है कि गांव में या खेत में हाथी के प्रवेश कर जाने पर वह किसी भी परिस्थिति में उसके सामने ना आए।

### जंगल में खदेड़ने की कोशिश

प्रभारी वनपाल ने बताया कि हाथियों को आबादी से दूर दोना के जंगलों की तरफ खदेड़ने की कोशिश की जा रही है। पीटीआर के उच्च अधिकारियों के आदेश पर प्रभावित ग्रामीणों से आवेदन लिये जा रहे हैं। जांचोपरांत उन्हें मुआवजे की राशि प्रदान की जायेगी।

प्रभारी वनपाल ने बताया कि दंडकोचा निवासी आदिम जनजाति की सरिता बिरजिया के घर को हाथी पिछले चार वर्षों से नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्ष 2021 ,2022,2023 के बाद इस साल भी हाथियों ने इनके घर को निशाना बनाया है। इसके बाद भी बेखौफ सरिता का पलायन का कोई इरादा नहीं है।

# राजनाथ सिंह की सभा में लगे सुनील सिंह वापस जाओ के नारे



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर क्षेत्र में शुक्रवार को आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान सांसद सुनील सिंह को कार्यकर्ताओं और आमजनों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। रक्षा मंत्री के सामने ही सुनील सिंह वापस जाओ, निकम्मा सांसद नहीं चाहिए समेत कई नारे लगे। सांसद सुनील सिंह के खिलाफ लोगों में इतना आक्रोश था कि लोग कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। इस दौरान सांसद के समर्थकों और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प भी हो गई। धक्का-मुक्की की तस्वीरें भी सामने आई है। हालांकि सांसद के समर्थकों ने इसे विरोधियों की एक साजिश करार दिया है। समर्थकों ने कहा कि सांसद प्रत्याशी की दौड़ में शामिल अन्य लोगों ने ऐसा करवाया है। सूत्र की मानें तो केंद्रीय रक्षा मंत्री का कार्यक्रम इसीलिए तय किया गया था कि लोगों को यह लगे कि चतरा में सुनील सिंह के लिए सब ठीक-ठाक चल रहा है। लोगों का कहना है कि सांसद सुनील सिंह इस कार्यक्रम के माध्यम से यह बताना चाहते हैं कि भाजपा के शीर्ष लॉबी में उनकी पकड़ सबसे अधिक मजबूत है। बताया जाता है कि सांसद के टिकट देने से पहले भाजपा ने कई स्तर पर रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है। इसमें आरएसएस का भी फीडबैक शामिल है। राज्य के चुनाव समिति एवं मंत्रियों के दौरे की रिपोर्ट भी ली गयी है। सब कुछ ठीक रहने के बाद ही सांसद को टिकट दिया जा रहा है। सांसद इसमें कहां तक खरे उतर पाये हैं यह तो संगठन ही बता सकता है। लेकिन चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा अब तक नहीं होने से कयास लगाया जा रहा है कि मौजूदा सांसद के लिए सब कुछ ठीक नहीं है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवनों को तैनात किया गया था। खुद जिला उपायुक्त रमेश घोलत और पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मोर्चा संभाले हुए थे।

### राजनाथ ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हेलीकॉप्टर से इटखोरी माता भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव स्थल पहुंचे। उसके बाद राजनाथ सिंह मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा के उपरांत रक्षा मंत्री को आशीर्वाद स्वरुप माता की चुनरी भेंट की गई। उन्होंने सहस्त्र शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। प्रशासन ने रक्षा मंत्री के हाथों मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधरोपण करवाया। चतरा सांसद सुनील सिंह, सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास आदि ने भी मंदिर परिसर में पौधरोपण किया।

## एक नजर

### पारिवारिक वादों के निपटारे को चला विषेश मध्यस्थता अभियान



**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शंभु लाल साह के मार्गदर्शन में एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कमल कुमार श्रीवास्तव के सहयोग से सचिव प्रज्ञा वाजपाई के द्वारा पारिवारिक वादों का मध्यस्था के आधार पर निष्पादन हेतू 11 से 15 मार्च तक चलाया गया विशेष मध्यस्था अभियान। बताया गया कि इस विशेष मध्यस्था अभियान में कुटुम्ब न्यायालय के वैवाहिक वाद-विवाद विच्छेद वाद भरण पोषण आदि वादों का मध्यस्था के द्वारा निपटारा किया जा रहा था। इस विशेष मध्यस्था केंद्र में पारिवारिक वादों से संबंधित 23 वादों में मध्यस्थता हुई। जिसमें 12 मामले मध्यस्था में सफल हुए। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्था शिविर के सफलता में मध्यस्थ में निष्पादन के लिए चार मध्यस्थ अधिवक्ता कृष्णा शिंह, सुबोध कुमार मिश्रा, इंदुभूषण कुमार व प्रवीण रंजन ने भूमिका निभाई।

### पोषण पखवाड़ा का किया गया आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रमुख ममता देवी, उपप्रमुख कामेश्वर राम राजीव रंजन बड़ा बाबू, विनिता देवी, गीता देवी, रूपा देवी, बबिता देवी, अर्चना कुमारी, सोनी कुमारी, रीना कुमारी, काजल देवी, सुनैना देवी, संगीता देवी आदि शामिल रहे।

### आरा भू-रैयतों के साथ एनटीपीसी व सीसीएल ने की बैठक




**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मगध परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को मगध विस्थापित आरा ग्राम के भू-रैयतों के साथ एनटीपीसी एवं सीसीएल ने बैठक की। बैठक में एनटीपीसी बेल्ट कॉरिडोर निर्माण को लेकर चर्चा की गई। रोजगार, मुआवजा को लेकर कागजात में मिली खामियों के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। अधिकृत भूमि पर कोई घर हो तो उसे मापी कराकर विस्थापन नीति के तहत उसे विस्थापित करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर सीसीएल के मगध परियोजना पदाधिकारी एस सतनारायण, सीसीएल स्टाफ ऑफिसर, उप अंचल कार्यालय कर्मी अनिल वर्मा, एनटीपीसी से आनंद स्वामी, शंभू प्रसाद, विनोद गंझु, खेमलाल गंझु, पवन कुमार, शिवनारायण प्रसाद, बिनोद साव, भोला कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक सप्ताह में 480 बकायेदारों का कटा विद्युत्त कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के किरकिरा, सलिमपुर तथा बारिशाखी पंचायत के पेक्सा गांव में शुक्रवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें 90 बकायेदारों का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। मालूम हो कि विद्युत विभाग द्वारा पिछले एक सप्ताह से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि एक सप्ताह में प्रखंड के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चला कर 480 बिजली बिल बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया गया है। कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया की मार्च माह के अंतिम तिथि तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा की 2000 रुपये से अधिक बकायेदारों का कनेक्शन काटा जा रहा है, जबकि बिजली बिल जमा करने को लेकर उपभोक्ताओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। छापेमारी दल में सहायक कर्मी संतोष दांगी, पंकज कुमार, विकास कुमार, मिथिलेश कुमार, ओंमकार कुमार, प्रकाश कुमार, संदीप कुमार, कैलाश कुमार, महावीर दांगी व श्रवण कुमार शामिल थे।

## रमजान के पहले जुमे की नमाज की गई अदा



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** पवित्र रमजान के पाक माह के पहले जुमे की नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने अदा की। सभी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान प्रखंड मुख्याल सहित इटके, शिबला, साल्वे, नावाडीह, बठेठ, फुलसु, रत्नादाग के अलावा अन्य सभी मस्जिदों में समाज के लोगों ने जुमे की नमाज पढ़कर अल्लाह से खुशियों व देश की तरक्की के साथ अमन चैन की दुआएं मांगी।

इटके जामा मस्जिद में मौलाना शमसाद ने तकरीर कर रोजा एवं रमजान की फजीलत के बारे में बताया। साथ ही, गरीबों की मदद करने की बात कही। कहा कि इबादत के माह रमजान में जुमे की नमाज खास मानी जाती है। इस महीने के हर पल में इंसान को बुरे कर्मों से बचने की कोशिश करनी चाहिए। इस माह में रोजा रखो, नमाज पढ़ो, कुरान की तिलावत करो और इन सभी के साथ गरीब-गुरबा और जरूरतमंदों को सहायता करते रहो। यही पैगाम इस्लाम देता है। उन्होंने कहा कि इस माह में जितना हो सके अच्छा काम करो और पहले हो चुके गलती को अल्लाह से रो-रो कर माफी मांग लो। अल्लाह जरूरतमंदों को हमेशा मदद करता है। उन्होंने कहा कि कभी किसी का दिल दुखी मत करो। हर व्यक्ति से मोहब्बत करो। रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज उत्साह और अकीदत के साथ अदा करने के साथ ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई। रमजान का महीना शुरू होते ही जगह-जगह फल व सेवई की दुकानें खुल गई। इफ्तार के समय फलों की दुकान पर अधिक भीड़-भाड़ देखी जा रही है।

## दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं इंदिरा गांधी चौक पर बने बड़े गड्ढे, जिम्मेदार हैं बेपरवाह



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर व एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप बड़े-बड़े गड्ढे उभर आये हैं जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। उक्त सड़क की गिनती काफी व्यस्तम मार्गो में की जाती है। इससे प्रत्येक दिन सैकड़ों वाहनों का परिचालन होता है। इसी सड़क से मंत्री, सांसद, विधायक समेत अन्य कई बड़े अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। दुर्भाग्य की बात है कि अब तक इस समस्या पर किसी की नजर नहीं गई या फिर सभी ने देखकर भी अनदेखा कर दिया। सड़क पर बने गड्ढों की वजह से आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। बीते दिनों एक चेचिस वाहन का संतुलन गड्ढों की वजह से बिगड़ गया और इंदिरा गांधी चौक पर बने अशोक स्तंभ से जा टकराया, जिससे अशोक स्तंभ टूट कर सड़क पर गिर गया। कई बाइक सवार भी अबतक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। कई बार इन गड्ढों पर वेस्ट मैटेरियल डालकर उसे भरने की कोशिश भी की गई लेकिन वह नाकाफी साबित हुए।

## प्राक्कलन राशि से लेस टेंडर प्रक्रिया के कारण गुणवत्ता में हो रही गिरावट

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले में सड़क, भवन एवं अन्य विकास कार्य योजनाओं के लिए संबंधित विभाग द्वारा टेंडर आमंत्रित किया जाता है, जिसमें क्रियान्वयन एजेंसी व ठेकेदार योजनाओं की प्राक्कलन राशि से 30 से 40 प्रतिशत लेस टेंडर डाल कार्य हथियाने में महारत हासिल कर रहे हैं। इसके कारण निर्माण कार्यों की गुणवता में गिरावट हो रही है या कार्य आधा अधूरा छोड़ कर संवेदक फरार हो रहे हैं। इससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग होने के साथ आम जन मानस को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर पुराने संवेदकों ने बताया कि पहले संबंधित विभाग द्वारा प्राक्कलन राशि से 10 प्रतिशत अधिक टेंडर डालने वाले ठेकेदारों का टेंडर रद कर दिया जाता था। अब संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सबसे ज्यादा गिरावट करने वाले ठेकेदारों को टेंडर दे दिया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप एक सौ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क को 60 रुपये में बनाने वाले को टेंडर दिया जा रहा है। इससे स्वभाविक है गुणवत्ता से खिलवाड़ होना। क्षेत्र में लेस टेंडर के कारण दर्जनों ऐसे सड़क हैं जो निर्माण होने के एक माह के अंदर जर्जर हो चुकी हैं।

## इटखोरी में दो दुकानों में चोरी, 50 हजार नकद, मोबाइल फोन और चार्जर उड़ाए



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पितीज स्थित न्यू पेट्रोल पंप के समीप राहुल डिजीटल कंप्यूटर सेंटर सह प्रज्ञा केंद्र से गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर 50 हजार नकद व 12 पीस जिओ मोबाइल तथा ओप्पो-वीवो की 4 पीस चार्जर चोरी कर लिए। दुकान के मालिक राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह दुकान खोलने के लिए आए तो दुकान का ताला टूटा था। खोलकर देखा तो गले से नकद व मोबाइल फोन व चार्जर गायब मिले। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं नागेश्वर प्रजापति की किराना दुकान से भी अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दोनों दुकानों में पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथी ही चोरों की धरपकड़ के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

सूत्रों का कहना है कि शराबियों द्वारा गांजा व शराब पीकर घटना को अंजाम दिया जाता है। ज्ञात हो कि कि होटल में शराबियों का जमावड़ा रहता है। वहीं शराब पीकर योजना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। जांच पड़ताल व चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## नए मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील

**गिद्धौर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने शुक्रवार को मतदाताओं के घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा भरे गए फार्म छह, सात व आठ का सुपर चेकिंग किया। इस क्रम में नए मतदाताओं से मुलाकात कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील भी की। बीडीओ ने गिद्धौर व गांगपुर गांव के करीब दो दर्जन मतदाताओं के घर-घर जाकर सुपर चेकिंग अभियान चलाया। मौके पर उपस्थित संबंधित बीएलओ को कार्य में और गति लाने का निर्देश दिया। इस दौरान बीएलओ, निर्वाचन शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार, सुपरवाइजर आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने दी आचार संहिता की जानकारी

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय में राजनीतिक दलों व बीएलओ के साथ बीडीओ सह सीओ नंद राम ने बैठक की। इसमें विजय, अलोक दुबे, प्रकाश, चंदन के साथ बीएलओ सबिता, अनिता, देवांति देवी सुषमा देवी, रेखा आदि उपस्थित थे। राम ने आचार सहिंता की जानकारी दी। मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष विनोद आदि मौजूद थे।

## 253 दिन बाद काम पर लौट आए बारियातु के स्वयंसेवक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड क्षेत्र के स्वयं सेवकों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी को आवेदन सौंप कर 253 दिन बाद काम पर वापस लौट आए। ज्ञात हो कि 8 जुलाई 2023 से राज्य स्तरीय स्वयं सेवक स्वयं सेवक का नाम बदल कर पंचायत सहायक करने सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर चले गए थे। 12 मार्च को प्रोजेक्ट भवन की बैठक में संघ की कुछ मांगें पूरी कर दी गईं। इसके बाद सभी स्वयं सेवक काम लौट आए। मौके पर लवकुश यादव, पूनम देवी, मनोज ठाकुर, कृष्णा प्रसाद, अजय यादव, अजय गंझु, कुलदीप गंझु, सरफराज अहमद, उर्मिला देवी, रुपैन कृस्फोटा, सुमन सिन्हा, अमन यादव, सरिता देवी, किरण देवी, शैलेश उरांव, रास सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव आदि उपस्थित थे।

## टाइगर इलेवन बनाम सुपर किंग होगा उद्घाटन मुकाबला

### जवाहरलाल मैदान में गिद्धौर प्रीमियर लीग की तैयारी पूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल मैदान में शनिवार से होने वाली गिद्धौर प्रीमियर लीग (जीपीएल) की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। एक ओर आयोजन समिति द्वारा मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया है, वहीं बैटिंग पिच को भी बेहतर तरीके से बनाया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रेम राणा व सचिव निरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि लीग का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी शनिवार को 10 बजे करेंगे। उद्घाटन मैच टाइगर इलेवन बनाम सुपर किंग नयाखाप के टीम के बीच खेला जाएगा। मैच को लेकर स्थानीय खेल प्रेमियों व ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार हुआ घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मार्ग पर थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के पास हाईवा वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी पहचान प्रखंड मुख्यालय के टमटम टोला निवासी खेदन बैठा के पुत्र गौतम रजक के रूप में हुई है। उसे लातेहार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रमेश उरांव, भाजपा कार्यकर्ता पवन गुप्ता और वीरेंद्र कुमार के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पर डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने प्राथमिक उपचार के पश्चात रांची रिम्स रेफर कर दिया। गौतम रजक को सिर, पैर और सीने में गंभीर और आंतरिक चोट लगी है, जिस कारण उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## हहुरवा में ओनेक्स गेरी स्कूल का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के न्यू आरा ग्राम में शुक्रवार को ओनेक्स गेरी रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल का जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम, समाजसेवी पदुम यादव, ईश्वर साव, कृष्णा साव, दुर्गा उरांव आदि ने सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। मौके पर जिप सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा सबके लिए बहुत जरूरी है और इस तरह का विद्यालय खुलने से आसपास क्षेत्र के बच्चों को सुविधा होगी। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि अहुरवा जैसे अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में विद्यालय खुलना बहुत खुशी की बात है। यहां से शिक्षित होकर बच्चे गांव का नाम रोशन करेंगे। समाजसेवी पदुम यादव ने शिक्षा के प्रति जागरूक होने की अपील की। स्कूल के प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि कम खर्चे में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएगी। मौके पर अर्जुन कुमार, आदित्य कुमार आदि मौजूद रहे।

**सुविधा** जल्द शुरू होगी शहरी जलापूर्ति योजना : रामचंद्र सिंह

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** विधायक रामचंद्र सिंह ने शुक्रवार को प्रखंड के छिपादोहर पंचायत के हंसराज टोला में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल नल योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सभी को शुद्ध जल मुहैया कराने हेतु शुरू की गई जलनल योजना का नियमित लाभ मिले इसके लिए सभी लाभुको को इसकी देखरेख व निगरानी करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में जल नल योजना की शिकायत मिलने पर इसकी शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बरवाडीह कार्यालय में जाकर करें। विभाग के अधिकारी इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को शुद्ध जल पहुंचना सरकार का मुख्य उद्देश्य है जिस पर तेजी से काम हो रहा है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पांडे, कनीय अभियंता महेंद्र राम, संवेदक, मुखिया बेरोनिका कुजूर, निजाम अंसारी, संदीप सिंह, रविंद्र पासवान, रणविजय सिंह, कुलेश्वर सिंह, प्रेम कुमार सिंह, पिंटू, लक्षण सिंह, सुजीत गुप्ता आदि मौजूद थे।

## अबुआ आवास का निर्माण शुरू कराने निर्देश

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, कनीय अभियंता, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर आदि शामिल थे। बीडीओ ने पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार को पंचायत के कनीय अभियंता द्वारा पंचायत सचिव, मुखिया की उपस्थिति में सभी पंचायतों में स्वीकृत अबुआ आवास का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए लेआइट करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने सभी मुखिया को मनरेगा योजना निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 36 / 2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.03.2024 के 1.00 बजे अपराहृण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 22.03.2024 के 3.00 बजे अपराहृण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.03.2024 के 3.30 बजे अपराहृण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत चटकपुर के ग्राम चटकपुर में हाथी रक्षा छत का निर्माण। | 47,79,200/- | 96 ,000 /- | 5000/ - | 06 (Six ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज के ग्राम नवादा में हाथी रक्षा छत का निर्माण। | 47,79,200/- | 96,000 /- | 5000/ - | 06 (Six ) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बसिया के ग्राम बसिया में हाथी रक्षा छत का निर्माण। | 47,79,200/- | 96,000 /- | 5000/ - | 06 (Six ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 322744 (Building) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

## एक नजर

### दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जंगाई निवासी मेदर एक्का तथा पंखरासीयूस एक्का बाइक से गिरकर दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्रथमिकी उपचार कर गुमला भेज दिया गया। घटना के संबंध में घायल के परिजनों ने बताया कि दोनों लोग बाइक से मालम नावटोली से जंगाई आ रहे थे तभी मालम पल के समीप अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे गंभीर चोटें आयी हैं।

### भंडरा बीडीओ ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**भंडरा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 89, 90, 91, 92 93, 94, 95, 96, 102, 103, 104 का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था की जांच की। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बलसोता मतदान केंद्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर मतदाता सूची में नाम अंकित की जानकारी लेते हुए निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय मतदान केंद्र के पर्यवेक्षक व बीएलओ से मुलाकात कर स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्र में बिजली, पेयजल, शौचालय, लाइट, रैंप, नेटवर्क की जांच की। लोकसभा चुनाव में मतदान संपन्न कराने पहुंचने वाले मतदान कर्मियों के ठहराव के लिए गडरपो में बनाए गए क्लस्टर की भी जांच कर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। मौके पर सांख्यिकी पदाधिकारी गौरिस गौरव मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**कैरो।** कैरो चट्टी मुख्य पथ पर खंडा जोड़ा पुल के समीप उल्टी निवासी सीटू उरांव, पिता स्व. गंदुरा उरांव (50) की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। घटना लगभग साढ़े छह बजे की बताई जा रही है। जानकारी के सुकरा कैरो की ओर से अपने गांव उल्टी जा रहा था। इसी बीच खंडा जोड़ा पुल के समीप वाहन अनियंत्रित होकर पुल से टकराकर गिर गया, जिससे उक्त वाहन चालक सीटू उरांव की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। कैरो थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### जिलास्तरीय पुस्तक मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, डीसी बोले-व्यक्तित्व के विकास का माध्यम होती हैं किताबें

# बेहतर ज्ञान व मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

समाहरणालय मैदान में जिला स्तरीय पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने किया। उपायुक्त ने कहा कि बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की सामग्री हमें उपलब्ध होती हैं लेकिन वे विश्वसनीय और सही कसौटी पर परखी नहीं होती हैं। किताबों से इतिहास, अर्थशास्त्र, अपने आसपास की चीजों को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है। किताब आपके व्यक्तित्व का सही तरीके से विकास करता है। सोशल मीडिया का ज्ञान सीमित होता है।





**लाइब्रेरी के लिए अच्छी किताबों का करें चयन :** उपायुक्त ने कहा कि आज पुस्तक मेला के जरिये विद्यालयों के लिए बेहतर पुस्तक का चयन करने का अवसर आप सभी को मिला है। मेले में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा पुस्तकों की प्रतियां उपलब्ध करायी गई हैं। आप सभी इनमें से श्रेष्ठ पुस्तकों का चयन करें ताकि वे पुस्तकें आपके विद्यालय के पुस्तकालय में भेजी जा सकें। इसका लाभ आपके बाद पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी होगा।

**विज्ञान प्रदर्शन में बायोगैस का मॉडल को प्रथम स्थान :** कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। दिये गये अंक के आधार पर विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च विद्यालय बगडू जामनुटोली के निशांत उरांव एवं टीम को बायोगैस प्रणाली से मिथेन गैस बनाये जाने पर ट्रॉफी देकर प्रथम पुरस्कार दिया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी प्रखंडों से कक्षा 8-10 के कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इसी प्रकार पुस्तक मेले में कुल 11 प्रकाशकों द्वारा स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सपना सिंह, जितेंद्र मित्तल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व प्रतिभागी मौजूद थे।

# आदिवासी संस्कृति व परंपरा के उत्थान का कर रहे प्रयास : मंत्री

### डॉ. रामेश्वर उरांव ने नवनिर्मित पड़हा भवन व अखरा का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को कैरो प्रखंड के ग्राम नरौली में विधायक निधि से नवनिर्मित पड़हा भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही ग्राम खंडा में विधायक निधि से निर्मित अखड़ा का उद्घाटन किया।




मौके पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण जनता की सहायता से ही मैं विधायक बना और पार्टी ने मुझपर विश्वास जताया, मंत्री बनाया ताकि मैं जिले और क्षेत्र का विकास कर सकूं। हमारी सरकार झारखंड के विकास के पथ पर अग्रसर है। मनुष्य को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा मकान की आवश्यकता होती है। इसी के तहत हमारी गठबंधन सरकार ने हर राशन कार्ड बीपीएल परिवार को उपलब्ध कराया। अब राशन में पोषाहार युक्त भोजन के लिए दाल भी उपलब्ध कराई जा रही है ताकि कुपोषण जैसी समस्याओं से निजात पाया जा सके। झारखंड की जनता स्वस्थ एवं सुरक्षित रहे। वर्तमान युग में आधारभूत संरचना के साथ-साथ सांकृतिक एवं पारंपरिक संरचना को भी बचाने की आवश्यकता है। आदिवासी संस्कृति परंपरा के उत्थान का प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए हमने पुरजोर प्रयास किया और फलस्वरूप नरौली में पड़हा भवन तैयार है। हमने पूरे विधानसभा क्षेत्र में 170 अखड़ा का निर्माण करवाया ताकि आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को बचाया जा सके। यह सांस्कृतिक केंद्र समाज के काम आ सके। सांस्कृतिक पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बढ़ावा देने के लिए हमने 300 मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया एवं हमारी सरकार ने बजट में भी यह पेश किया कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण किया जाए एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाए। हमने इस क्षेत्र के विकास के लिए नंदिनी डैम से सिंचाई के लिए एवं जल आपूर्ति के लिए 58 करोड़ रुपये की लागत से नहर का निर्माण कर रहे हैं एवं जिले की सभी पंचायतों में जलापूर्ति के लिए 10- 10 चपाकल का निर्माण कराया जाएगा। हमारी गठबंधन सरकार प्रयास कर रही है कि राज्य का चहुमुखी विकास हो और राज्य की जनता की सहभागिता राज्य के विकास में हो। मौके पर मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, चैतु उरांव, बुधवा उरांव, मुन्नी उरांव, अनिस अहमद, सामुल अंसारी, रविंदर खेरवार, संखनाद उरांव, अनवर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, असलम अंसारी, नकुल उरांव, रामभंडारी उरांव, सहजादी खातून, इंतेखाब अंसारी, नाजिम अंसारी, सुशील उरांव, हरिदास उरांव, मृत्यंजय तिवारी, कुलदीप साहू, रसीद अंसारी, गणपत उरांव, रौनक इकबाल, जुबेर अंसारी, जावेद अंसारी, जियाउल अंसारी, मंगल देव उरांव, धर्मराय पाहन, मनोज उरांव, सकलू उरांव, सबिता उरांव, कासी उरांव, फागू उरांव उपस्थित थे।

## नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगडी बड़का टोली गांव निवासी काशी महतो की नाबालिक पुत्री अजंती कुमारी (12) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतक के पिता का कहना है कि मुझे तथा मेरे नाबालिग पुत्र अजय कुमार को थाना लाया गया था। कारण पूछने पर पिता ने बताया कि गांव के ही एक मुखबधिर बच्ची के साथ अभद्र व्यवहार का मामला गुरुवार को लाया गया था। पुत्र अजय कुमार को सेन्हा थाना लाया गया था। मैं भी पुत्र से मिलने सेन्हा आया था। सेन्हा थाना से जब शाम को घर गया तो रूम का दरवाजा बंद था। दरवाजा खोलवाने का काफी प्रयास किया। जब अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह दरवाजा खोल ग्रामीणों के साथ अंदर गया तो देखा कि मेरी नाबालिग पुत्री फांसी के फंदे से लटकी हुई है। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए तहकीकात में जुट गई। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि आत्महत्या का मामला है।

## 'रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारें व रोजा रखें'

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

रमजान माह के पहले जुमे पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ी और दुआ मांगी। सेन्हा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा ने मुस्लिम धर्मावलंबियों को नमाज से पहले संबोधित करते हुए कहा कि रमजान माह में इबादत कर जीवन गुजारें और रोजा रखें। रोजेदार को सीधा खुदा देखता है। अल्लाह जानता है कि कौन व्यक्ति रोजा रखा है या नहीं। इस महीने में एक नेकी के बदले 70 नेकी मिलती हैं। इस्लाम में बताया गया है कि पड़ोसी से हर मामले में बेहतर व्यवहार कर के रहें और खुशी व गम में पड़ोसी का साथ दें। रोजेदार को एक ग्लास पानी रोजा खोलने के समय और एक खजूर देने से काफी नेकी प्राप्त होती है। रोजेदारों की दुआ बहुत जल्द कबुल होती है। सदका, खैरात, जकात गरीब आदमी एवं अनाथ लोगों को दें और खुशी में शामिल करें। प्रखंड क्षेत्र के उगरा, सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु, सेन्हा, बुटी, झखरा, भड़गांव, अरु बांधटोली, भंगाडी, तोड़ार सहित सभी जगहों की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। लोगों ने क्षेत्र की खुशहाली, अमन-चैन की दुआ मांगी।



### मस्जिदों में पहले जुमे की नमाज अदा

**कैरो।** प्रखंड में माहे रमजान का पहले जुमे की नमाज शुक्रवार को मस्जिदों में अदा की गई। जामा मस्जिद कैरो में मौलाना नुरुल हसन ने कहा कि जो ऐसे पवित्र महीना को पाया और इस महीने की कद्र करते हुए भूखे प्यासे रहकर रोजा रखा, रात को तरावीह की नमाज अदा की, ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में लगाया, कुरान व हदीश के हिसाब से जिंदगी गुजारा, इस पवित्र महीने का एहतराम किया उसने अपनी आखिरत कमा ली। सभी ने अमन व चैन, सुख व शांति की दुआ मांगी।

## जनता को ससमय हक, अधिकार दिलाने का प्रयास करूंगी : मधूश्री

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह का तबादला होने के बाद कुडू अंचलाधिकारी के तौर पर राज्य सरकार की ओर से मधूश्री मिश्रा को कुडू अंचल की बागडोर सौंपी है। इधर नव पदस्थापित अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा को कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल कक्ष में मिलकर बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। यहां पर नये सीओ मधूश्री मिश्रा का स्वागत समारोह कार्यक्रम के उपरांत उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने क्षेत्र में जमीन संबंधी सभी तरह के मामलों तथा जाति, आवासीय, आय एवं अन्य मामलें के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर बात रखी।

उन्होंने अंचलाधिकारी मधूश्री से आग्रह करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को तरजीह देते हुए सरकार की गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए ससमय लंबित पड़े जमीन संबंधी मामलों का निपटारा किए जाने की मांग रखी। इस पर नव पदस्थापित अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को आश्वस्त करते हुए अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करने की बात कही। नये सीओ मधूश्री मिश्रा ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को भरोसा दिलाया और कहा कि क्षेत्र में जमीन संबंधी मामलों के निपटारे हेतु हमेशा कटिबद्ध रहूंगी और जनता को ससमय उन्हें उनका हक, अधिकार दिलाने का प्रयास करूंगी। मौके पर सुंदरू पंचायत समिति सदस्य अब्दुल मनान अंसारी, नासिर अंसारी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष, समाजसेवी हलीम अंसारी, सुसील उरांव, सेराजुल अंसारी, सूरज कुमार मौजूद रहे।

## भौरो के दो व भीठा के एक गरीब किसान को खेती के लिए दिया गया जोड़ा बैल



**भंडरा।** प्रखंड के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती-बारी करने के लिए जोड़ा बैल दिया जा रहा है। जोड़ा बैल योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड के भौरो पंचायत के दो लाभुकों को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी व स्थानीय मुखिया सुमंती तिग्गा ने जोड़ा बैल दिया। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड के छोटे एवं सीमांत तीन किसानों के बीच जोड़ा बैल का वितरण करने का लक्ष्य रखा था। इसके तहत शुक्रवार को भौरो के एक व भीठा के पशुपालक किसान को जोड़ा बैल दिया गया। पशुपालन योजना के अंतर्गत, योजना का क्रियान्वयन 90 प्रतिशत अनुदान राशि और 10 फीसदी लाभुक अंशदान की राशि देना था। तीन जोड़ा बैल वितरण करने की योजना के तहत लाभुकों का चयन पहले ग्राम सभा द्वारा किया गया था। इसके बाद प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित लाभुकों की अनुशंसा की गई। इस योजना में एसटी, एससी, आदिम जनजाति और दिव्यांग किसानों को प्राथमिकता दी जानी थी। लाभुक झारखंड का निवासी होना चाहिए। इस योजना का लाभ उन किसानों को दिया गया, जिनके पास खेती योग्य जमीन हो और जो बीपीएल की श्रेणी में आते हों। इस मौके पर सुनील उरांव, सुमित उरांव, सोमरा उरांव, जगजीवन उरांव आदि उपस्थित थे।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924 इमेल–chatrajepc@ymail.com

**नामांकन के संबंध में सूचना**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) C के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का न्यूनतम 25% प्रवेश कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अन्तर्गत निर्धारित प्रावधान के अनुसार निम्नांकित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की न्यूनतम 25% सीट पर जिले के तीन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन हेतु Online Portal, https://rtechatra.in तैयार किया गया है। ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 02.03.2024 से 12.03.2024 निर्धारित की गई थी। ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि दिनांक 23.03.2024 तक विस्तारित की जाती है।

| क्र.स. | विद्यालय का नाम | प्रवेश वर्ग में कुल सीट | 25: नामांकन हेतु सीट की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल चतरा | 30 | 8 |
| 2 | डी0ए0भी0पब्लिक स्कूल, बचरा, टण्डवा, चतरा | 30 | 8 |
| 3 | ईन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर, चतरा | 35 | 9 |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झा0शि0प0,चतरा

PR 322748 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

(2nd Call)

**Very Short term EOI**

EOIs are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District.

The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning including 5 years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) of **Solar High Mast Light Systems with Battery** on Turnkey basis across different identified points / locations in Latehar District. |
| 2 | Contract Period | 2 years (Rate Contract period) |
| 3 | Period of contract | Completion period +2 years |
| 4 | Date of publication of EOI | 15.03.2024 |
| 5 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 05,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. |
| 6 | Presentation | The bidder which qualifies in technical round shall present presentation before the purchase committee members on the day of opening of tender. |
| 7 | Last date and time for Submission of Bids | 22.03.2024, Time :- 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 23.03.2024, Time :- 01:00 PM Place :- District Planning Office, Latehar |
| 9 | Name & address of office inviting tender | District Planning Office, Latehar, 829206 |
| 10 | Contact no. of officer | 8292415533 |

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**District Planning Officer**
**Latehar**

PR 322737 District(23-24).D


### पहल — कैरो थाना परिसर में विदाई सह स्वागत समारोह का किया गया आयोजन

# निर्वतमान थाना प्रभारी की विदाई, नए का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

थाना में शुक्रवार को कार्यरत निवर्तमान थाना प्रभारी संखनाथ उरांव का विदाई समारोह व नए थाना प्रभारी निरज झा, एसआई संजय सिंह का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। थाना प्रभारी निरज झा, एसआई संजय सिंह, एएसआई संजय कुमार राय आदि, मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव व गण्यमान्य लोगों द्वारा सेवानिवृत्त थाना प्रभारी संखनाथ उरांव और नवपदस्थापित थाना प्रभारी नीरज झा को बुके, माला व शाल भेंटकर किया गया। संखनाथ उरांव ने कहा कि क्षेत्र के लोग काफी मिलनसार हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में हमेशा प्रयासरत रहा। नीरज झा ने कहा कि कैरो थाना आने के बाद मुझे ग्रामीण क्षेत्र के बारे में अनुभव हो रहा है जो काफी सुखद है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी सीधे होते हैं मुझे ऐसा प्रतीत होता है। क्षेत्र के लोगों के साथ मिलजुलकर शांति व्यवस्था बनाये रखने का पूरा प्रयास करूंगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य ने कहा कि क्षेत्र के लोग काफी सकारात्मक विचार के हैं। विकास कार्यों व शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की उम्मीद है। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, महताब आलम, लखन उरांव, दिलीप सिंह, विशेश्वर प्रसाद दीन, मो सजाद, नाजीर आलम खान, सुरजमोहन साहू, किशोर उरांव, बलराम साहू, परवीन साहू, दिप शाह, प्रदुम्न सिंह, विकास भगत, अनवर अंसारी, चरकु सरदार, मनोज उरांव, परमेश्वर ठाकुर, सहीद अंसारी, चंद्रदेव उरांव, जगरनाथ यादव आदि उपस्थित थे।



# छगन भुजबल का दावा-राकांपा शरद पवार गुट के प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील भाजपा के संपर्क में

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को दावा किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं और वे बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। छगन भुजबल के इस बयान के बाद राजनीतिक हलके में जयंत पाटील के दल बदलने की चर्चा तेज हो गई है।



छगन भुजबल ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि जयंत पाटील पिछले दो-तीन दिनों में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से मिले थे। इसके साथ ही जयंत पाटील लगातार भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। भुजबल ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए कांग्रेस और राकांपा के कई नेता पार्टी बदलने वाले हैं। भुजबल ने कहा कि पहले उन्हें फाइनल होने दीजिए, फिर हम फैसला करेंगे। छगन भुजबल के इस बयान के बाद चर्चा होने लगी है कि जयंत पाटील बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह राकांपा के साथ ही शरद पवार के लिए करारा झटका साबित होगा।

इससे पहले नासिक की एक सभा में जयंत पाटील ने दावा किया था कि भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र में मजबूत होना चाहती है, इसलिए भाजपा मेरे चारों ओर जाल फेंक रही है। पाटील ने कहा था कि मैं शरद पवार के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार हूं, जिन्होंने मुझे राजनीति में खड़ा किया और मेरे राजनीतिक जीवन को समृद्ध बनाया।

## दिल्ली शराब मामले में ईडी ने केसीआर की बेटी कविता को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। हैदराबाद।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को उनके हैदराबाद स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। कुछ घंटों तक चली तलाशी के बाद ईडी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि उन्हें आज रात ही दिल्ली लाया जाएगा। उनकी गिरफ्तारी की जानकारी फैलते ही शुक्रवार शाम को उनके आवास के बाहर तनाव फैल गया और लोग केंद्र और मोदी सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। बीआरएस के कार्यकारी




अध्यक्ष और उनके भाई के.टी. रामा राव और वरिष्ठ नेता और उनके चचेरे भाई टी. हरीश राव कविता के घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। बाद में ईडी अधिकारियों ने उन्हें घर में जाने की इजाजत दी। पत्रकारों से बात करते हुए बीआरएस नेता और पूर्व मंत्री वी. प्रशांत रेड्डी ने गिरफ्तारी को 'अवैध' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस नेताओं में डर पैदा करने के लिए यह कार्रवाई की है। प्रशांत रेड्डी ने कहा कि ईडी की टीम उन्हें गिरफ्तार करने की योजना के साथ आई थी। ह्उन्होंने कहा कि वे तलाशी लेने आए थे, लेकिन अब हमें पता चला कि वे उसे रात 8.45 बजे तक दिल्ली ले जा रहे हैं। ह्व बीआरएस नेता ने कहा कि कविता को तब गिरफ्तार किया गया, जब मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी को गिरफ्तारी से रोकने का आदेश देने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है, जिस पर 19 मार्च को सुनवाई होनी है।


## शपथ पत्र

मैं प्रियंका कुमारी पति अशोक कुमार, ग्राम+पो.+-थाना-डंडई, जिला-गढ़वा (झारखंड) का स्थायी निवासी हूं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 434798445104 एवं पैन कार्ड में मेरा नाम प्रियंका कुमारी दर्ज है। जबकि बैंक खाता में मेरा नाम प्रियंका गुप्ता दर्ज है जो खाता पढ़ाई के दौरान खोला गया था। प्रियंका कुमारी और प्रियंका गुप्ता मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 484/ दिनांक : 14/03/2024**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

**निविदा स्थगन सूचना का प्रकाशन**

इस कार्यालय के Tender No. 49F2 / 2023-24 जिसका प्रकाशन PR No. 322671 (Minor Irrigation) 23-24*D है तथा जिसका निविदा दिनांक 06.04.24 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

PR 322893 Minor Irrigation(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता,
लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

**CORRIGENDUM**

Tenders Dated Extend vide PR No.- 322125 (Building)23-24*D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 18.03.2024 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 19.03.2024 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 322874 (Building) 23-24 (D)

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

(2nd Call)
Very Short term EOI

EOI reference no. :- Dated:-

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. |
| 2 | Contract period | 02 Years |
| 3 | Period of Completion | 06 Months |
| 4 | Date of publication of EOI | 15.03.2024 |
| 5 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 2,00,000 (Two Lakhs Rupees Only/-)Refundable & Tender Fees Rs10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. (those who have already submitted no need to submit again ) |
| 6 | Last date & time for EOI Submission along with original copies of Tender fee & EMD | 22.03.2024, Time :- 05:00 PM |
| 7 | Technical EOI Opening Date | 23.03.2024, Time :- 11:00 AM |
| 8 | Name & address of office inviting EOI | District Planning Office, Latehar |
| 9 | Place of opening of EOI | District Planning Office, Latehar |

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district :- https://latehar.nic.in/

PR 322740 District (23-24)_D

District Planning Officer,
Latehar

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Very Short Tender Notice, जिसका **PR. No.-322533** है, के "RFP No.– 09/CDO/Ranchi/UWSS/2023-24" को "RFP No.– 10/CDO/Ranchi/UWSS/2023-24" पढ़ा जाय एवं Annexure-1 को निम्नलिखित तालिका के अनुरूप संशोधित समझा जाय।

Annexure – 1

| Group No. | Name of Work | RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Scheme | Approximate Population | Approximate cost of DPR (RS. in Lakh) | Completion of Work | Cost of Earnest money (Rs. (in Lakh) | Cost of Tender Fee in Rs. |
| 1 | Garhwa (Municipal area remaining uncovered) Urban Water Supply Scheme under D.W. & S. Div., Garhwa | 12500 | 1000.00 | 2 Months | 1.00 | 10,000.00 |

शेष कण्डिकायें यथावत रहेंगी।

ह०/
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची

PR 322817 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-17/2023-24**

पत्रांक :– 226 दिनांक :– 15.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 21.03.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 22.03.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.03.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Judicial Staff Quarter at Chatra for the Year - 2023-24 | 15,01,400.00 | 30100.00 | 5000.00 | 03 Months |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 322792 Building (23-24)_D

## कार्यालय नगर परिषद्,चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

**कार्यालय आदेश**

ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है। ऐसी स्थिति में भूमिगत जल स्तर नीचे चली जाती है, जिसके कारण अधिकांश चापाकलों में पानी की आपूर्ति नही हो पाती है अथवा खराब हो जाती है।

अतः आसन्न गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निपटने, खराब चापाकलों की ससमय मरम्मति कराने एवं नगर परिषद क्षेत्र के निवासियों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के अनुश्रवण हेतु निम्न पदाधिकारी/कर्मी को प्रतिनियुक्त किया जाता है:–

| क्र0 | पदाधिकारी/कर्मी का नाम एवं पदनाम | वार्ड सं0 | मोबाईल सं0 |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री अरविन्द ठाकुर, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 01, 02 एवं 03 | 9570042831 |
| 02 | श्री अनिल कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 04, 05 एवं 06 | 6207193920 |
| 03 | श्री रवि कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 07 एवं 08 | 7667458241 |
| 04 | श्री प्रमोद कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 09, 10 एवं 11 | 9934554477 |
| 05 | श्री मुकेष कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 12, 13 एवं 14 | 8083658231 |
| 06 | श्री मनोज कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 15, 16 एवं 17 | 9931247982 |
| 07 | श्री उदय कुमार यादव, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 18, 19 एवं 20 | 9263703832 |
| 08 | श्री बब्लू कुमार, चापाकल मिस्त्री, नगर परिषद, चतरा। | 21 एवं 22 | 9234717955 |

उपरोक्त कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि निकाय क्षेत्रों के अन्तर्गत खराब पड़े चापाकल को नियमित रूप से मरम्मति करना सुनिश्चित करेंगे। साथ हीं आम जनता के द्वारा खराब पड़े चापाकल से संबंधित शिकायतों का ससमय निस्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

नगर परिषद, चतरा क्षेत्रान्तर्गत आम जनता को सूचित किया जाता है कि पानी की समस्या से निजात पाने, खराब चापाकलों की मरम्मति कराने एवं सफाई से संबंधित अपने शिकायतों का निराकरण हेतु उपरोक्त कर्मियों के मोबाईल संख्या तथा वरीय प्रभारी श्री गोपाल मंडल, कनीय अभियंता, नगर परिषद, चतरा के दूरभाष संख्या–6204664213 पर प्रातः 08:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रशासक,
नगर परिषद, चतरा

PR 322774 Urban Development(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या –RDD/SD/GARHWA/16/2023-24,PR No-319938

**CORRIGENDUM (शुद्धि–पत्र)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 322831 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/21/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ पंचायत बसिया Building of Pre Fabricated Anganwadi center बहेरा का निर्माण। | 2492000 | 50000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत केड़ Building of Pre Fabricated Anganwadi center केड़ का निर्माण। | 2492000 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.04.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.04.2024 से दिनांक 15.04.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.04.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 322849 Rural Development (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 28/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 15.03.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/75/2023-24 | गढ़वा शाहपुर मुख्य पथ विनोद साव के घर से तेली टोला देवी धाम होते हुए पैठान टोला तक पथ निर्माण कार्य। (6.000 कि0मी0) | 763.710 | सात करोड़ तिरसठ लाख एकहत्तर हजार रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | मेराल | RWD/GARHWA/76/2023-24 | पतहरिया पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से देवनकारा सिवाना होते हुए बिशुनपुर पी0डब्लू0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य। (3.140 कि0मी0) | 481.178 | चार करोड़ एकासी लाख सत्रह हजार आठ सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | चिनियाँ | RWD/GARHWA/77/2023-24 | रानीचेरी चौरायाम से इमलीटॉड़ होते हुए छतैलिया मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य। (5.050 कि0मी0) | 624.107 | छः करोड़ चौबीस लाख दस हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 4 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/78/2023-24 | कृष्णा जयसवाल के घर से पत्थल दामर हरीण झोका गैस गोदाम होते हुए रमकण्डा रक्शी मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य। (3.250 कि0मी0) | 357.118 | तीन करोड़ सन्तावन लाख ग्यारह हजार आठ सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 5 | मेराल | RWD/GARHWA/79/2023-24 | चिनियाँ मुख्य पथ रूपन उराँव के घर से लखुराम के घर तक पथ निर्माण कार्य। (2.900 कि0मी0) | 320.871 | तीन करोड़ बीस लाख सतासी हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 6 | रंका | RWD/GARHWA/80/2023-24 | एन0एच0–343 सिंजो मोड़ से सिंजो पश्चिम कोरवा टोला स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (7.350 कि0मी0) | 872.139 | आठ करोड़ बहत्तर लाख तेरह हजार नौ सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 7 | गढ़वा | RWD/GARHWA/81/2023-24 | एन0एच0–75 बाईपास रोड बिरजु मिस्त्री के घर से घिवा नदी होते हुए जिला मुख्यालय (नया समाहारणालय) तक पथ का निर्माण कार्य। (1.400 कि0मी0) | 178.706 | एक करोड़ अठत्तर लाख सत्तर हजार छः सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |
| 8 | गढ़वा | RWD/GARHWA/82/2023-24 | ग्राम–कल्याणपुर में मंगरही बाँध से ग्राम नावाडीहा एवं धर्मडीहा टोला होते हुए नया समाहरणालय तक पथ का निर्माण कार्य। (4.600 कि0मी0) | 506.061 | पाँच करोड़ छः लाख छः हजार एक सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 9 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/83/2023-24 | हरिजन टोला शिव मंदिर से खुटी टोला होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय तक पथ निर्माण कार्य। (4.400 कि0मी0) | 468.155 | चार करोड़ अड़सठ लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 10 | गढ़वा | RWD/GARHWA/84/2023-24 | एन0एच0–343 मुख्य पथ से टोंगरी टोला होते हुए लोटो प्राथमिक विद्यालय तक पथ निर्माण। (2.270 कि0मी0) | 255.884 | दो करोड़ पचपन लाख अठासी हजार चार सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.04.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.04.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 322942 Rural Work Department (23-24)_D

## एक नजर

### जैक आठवीं बोर्ड की परीक्षा आज से,सभी तैयारी पूर्ण

**खरौंधी।** प्रखंड में शनिवार से विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में आठवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा में 25 विद्यालयों के लगभग 1342 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि जैक द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें मध्य विद्यालय अमरोरा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बजरमरवा, प्लस टू उच्च विद्यालय राजी,प्रोजेक्ट हाई स्कूल तोरेलावा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। उक्त परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंदों पर परीक्षार्थियों के लिए मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी केंद्राधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं।

### भगवान घाटी में कोयला लदा हाईवा पलटा

**केतार।** थाना क्षेत्र के भगवान घाटी में शुक्रवार की सुबह कोयला लदा हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में I चालक और सह चालक बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार हाईवा उत्तर प्रदेश से कोयला लेकर केतार आ रहा था। इसी क्रम में भगवान घाटी के नीचे टर्निंग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही केतार थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया। उल्लेखनीय है की भगवान घाटी में हमेशा सड़क दुघर्टना होते रहती है।

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने निकाली रंगोली जागरूकता रैली

# बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस सीएलएफ बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा रंगोली मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल थी। रैली पुरैनी पंचायत भवन से निकलकर धुरकी मोड होते हुये पुनः पुरैनी पंचायत भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में शामिल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बनो देश के भाग्य विधाता- अब जागो प्यारे मतदाता, सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो, जन-जन को चेताना है- मतदाता को जगाना है, ना नशे से ना नोट से- किस्मत बदलेगी वोट से का नारा लगाते हुये जन-जन को मतदान के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी ने कहा कि आप सभी लोगो को अपनी इच्छा से वोट देना है। किसी के बहकावे में आकर वोट नहीं देना है। उन्होंने कहा कि आम जनता को जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से यह मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के सदस्य घर-घर जाकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मौके पर सीसी सत्येंद्र कुमार,पुष्पा कुमारी, एसआरपी वाजदा खातून, सीमा देवी विमलेश देवी,रूबी देवी, पूनम कुमारी, रिंकी कुमारी, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी,पिंकी देवी, किरण कुशवाहा, प्रीति कुमारी, चंचल देवी, शशि प्रभा,प्रतिमा कुमारी, सेतु,रीना उपस्थित रहीं।



**ना नशे से ना नोट से- किस्मत बदलेगी वोट से**

रैली पुरैनी पंचायत भवन से निकलकर धुरकी मोड होते हुये पुनः पुरैनी पंचायत भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में शामिल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बनो देश के भाग्य विधाता- अब जागो प्यारे मतदाता, सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो, जन-जन को चेताना है-मतदाता को जगाना है, ना नशे से ना नोट से- किस्मत बदलेगी वोट से का नारा लगाते हुये जन-जन को मतदान के लिये प्रेरित किया।

# नूर अफसाना बनीं विद्यालय टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के तसरार गांव स्थित कॉन्टिनेंटल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चों के बीच वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया । इस दौरान विद्यालय में अध्यनरत नर्सरी से लेकर वर्ग पाचवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा फल वितरण किया गया । विद्यालय के निदेशक वसीम अंसारी व प्राचार्य हामिद अंसारी के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति में परीक्षा फल पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। वर्गवार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया । जबकि विद्यालय की टॉपर नूर अफसाना खातून को विशेष उपहार दिया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं काफी मेहनती हैं । इससे पहले छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। मौके पर रोशनी मिंज, विखलेश यादव, पिंटू विश्वकर्मा, रंजीता देवी ,एनिमा कुमारी, चांदनी परवीन, रश्मि सिंह, चांदनी कुमारी, रेखा सिंह उपस्थित रहीं।




**कॉन्टिनेंटल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण**

### फटेहाल जिंदगी जीने वाले मूसहर परिवार से भी प्रसव करा कर बख्शीश के नाम पर लिए रुपए, मचा हंगामा

# सदर अस्पताल में सिर चढ़कर बोल रही नर्सों की मनमानी, गरीबों का हाल-बेहाल



**अभिमन्यु**

गढ़वा। सदर अस्पताल के गाइनी वार्ड में मरीजों से अवैध वसूली का धंधा चरम पर है। इसमें नर्स समेत सफाई कर्मी तक सुविधा देने के नाम पर मरीजों व उनके स्वजनों से पैसे वसूल रहे हैं। जबकि नर्सों द्वारा कई मरीजों को निजी अस्पताल में भी भेज देना भी आम बात है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों की चुप्पी एवं मिलीभगत से इस पर लगाम नहीं लग पा रहा है। किसी मामले के सामने आने पर जांच के नाम पर लीपापोती कर दी जाती है। वर्षों से कई नर्से गाइनी वार्ड में ही ड्यूटी कर रही हैं। आलम यह है कि प्रसव कक्ष में तैनात नर्सों का नर्सों की मनमानी इतनी बढ़ी हुई है। प्रसव कराने में मूसहर परिवार तक को नहीं बख्श रहे हैं। गुरुवार की रात कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। जब सदर अस्पताल में प्रसव के लिए आई फटेहाल जिंदगी जीने वाले मूसहर परिवार की एक महिला से 500 रुपये वसूले गए।

**हंगामा होने पर नर्स ने कहा कि रक्त की कमी थी, हीमासील आईवी बाहर से खरीदकर मंगाने को लेकर लिए थे पांच सौ रुपये।**

**बताया गया कि प्रसव के बाद नर्स पैसे के लिए दबाव देने लगी और मरीज के स्वजनों से 500 रुपये वसूल लिये।**

### नार्मल डिलेवरी के बाद भी लिये रुपये

डंडा थाना क्षेत्र के गड़ेरियाडीह में इन दिनों मूसहर परिवार का अस्थायी बसेरा है। उसी परिवार के राकेश मूसहर की पत्नी संजू देवी को गुरुवार की रात में प्रसव के लिए लाया गया था। नार्मल डिलेवरी से महिला ने भोर में बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का वजन 2 किग्रा 600 ग्राम है। बताया गया कि प्रसव के बाद नर्स पैसे के लिए दबाव देने लगी और मरीज के स्वजनों से 500 रुपये वसूल लिये। इस संबंध में प्रसूता संजू देवी के साथ अस्पताल आई उसकी ननद मंजू देवी ने बताया कि नर्सों के दबाव पर उन्हें पैसे देना पड़ा है। हमलोग सरकारी अस्पताल में आए थे। लेकिन यहां भी पैसे लिए गए।

### नर्स ने की स्वीकारोक्ति

मामला प्रकाश में आने पर गुरुवार की रात ड्यूटी पर तैनात नर्स नीतू कुमारी एवं सुषमा कुमारी द्वारा मूसहर परिवार से प्रसव के नाम पर पैसे लिए जाने की बात उजागर होते ही अस्पताल प्रबंधन डैमेज कंट्रोल में लग गया। इस संबंध में नर्सों ने कहा कि दवा मंगाने के लिए 500 रुपये लिए थे। नर्स नीतू ने कहा कि महिला को ब्लड कम था। इस कारण हीमासील आईवी नामक दवा मंगाने के लिए 500 रुपये लिए थे। बताया कि हीमासील की कीमत 530 रुपये है।

### पक्ष

प्रसव के मामले में रक्त की कमी होने पर रिंगर या फिर रक्त ही चढ़ाया जाना चाहिए। लेकिन यदि किसी चिकित्सक ने हीमासील चढ़ाने की सलाह दी होगी तो उस पर सवाल खड़ा नहीं करेंगे। वैसे तो हीमासील मरीजों को निःशुल्क चढ़ाया जाता है,लेकिन हो सकता है कि हीमासील स्टाक में नहीं हो। हीमासील स्टाक में क्यों नहीं है। इस पर वे कुछ नहीं कह सकते हैं।

**- डा.हरेनचंद्र महतो, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा।**

### किराने की दुकान से हजारों की चोरी, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

# चोरी की बढ़ती घटनाओं से व्यवसायियों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में पिछले एक माह से चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। जिससे प्रखंड के व्यवसायी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। साथ ही चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में गुरुवार की रात्रि में खरौंधी बाजार में महेंद्र साव के परचून दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानदार महेंद्र साव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी शाम में दुकान बंद करके बैतरी घर चले गये थे। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पर देखा कि सामान बिखरा है। वहीं कई सामान गायब है। चोर रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर छत से दुकान में घुसे थे। जाते समय दुकान में रखे बक्से से सारा रुपया भी ले गये। दुकान से 35 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। भुक्तभोगी द्वारा मामले की जानकारी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी को दी गयी। मामले की जानकारी मिलते ही वहां दुकानदारों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। दुकानदारों ने पुलिस का ध्यान आकृष्ट कराते हुये रात्रि गश्त बढ़ाये जाने की मांग की है। व्यवसायियों ने बताया कि इससे पूर्व शनिवार के रात में रमाशंकर जायसवाल के घर में चोरी हुई है। जबकि उसके एक दिन पहले नावाडीह में एक घर से 25 बकरी चोरों ने चुरा लिया था। व्यापारियों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। सूचना के बाद थाना के एएसआई सुरेंद्र दुबे ने सदल-बल मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही कहा कि प्रशासन चोरी की घटना की तहकीकात में जुट गई है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# आज निकलेगी श्रीविष्णु की भव्य शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** प्रखंड मुख्यालय के पोखरा चौक स्थित शेषशय्या भगवान विष्णु मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को अखंड हरिकीर्तन के साथ प्रारम्भ हुआ। 16 मार्च की सुबह 10 बजे से भगवान श्रीहरि की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति द्वारा शोभा यात्रा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। इस शोभा यात्रा में हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा को लेकर रथ की व्यवस्था की गयी है। पूरे रास्ते शोभा यात्रा पर पुष्प की वर्षा की जायेगी। श्रद्धालुओं का पैर न जले इस सुविधा के लिए पानी टैंकर की सुविधा रखी गई है। सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रवचन, भंडारा और झूलन मेला का आयोजन किया जायेगा।



## न्यूज बॉक्स

### 62 करोड़ से होगा 11 जर्जर सड़कों का कायाकल्प

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र में 62 करोड़ रुपए की लागत से 11 जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चिनियां प्रखंड में 13 करोड़ 48 लाख 94 हजार दो सौ रुपए की लागत से चिनियां-खुथुआ मेन रोड से बिलैतीखैर तक 12.250 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जबकि गढ़वा प्रखंड में सात करोड़ 63 लाख 71 हजार रुपए की लागत से गढ़वा-शाहपुर मुख्य पथ,मेराल प्रखंड में 4 करोड़ 81 लाख 17 हजार 800 रुपए की लगत से पतहरिया पीएमजीएसवाई रोड से देवनकारा सीवान होते हुए बिशुनपुर पीडब्लूडी रोड तक पथ निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न दूरस्थ प्रखंडों में करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण को मंजूरी दिलायी गयी है। उन्होंने कहा कि विकास की बाढ़ में विकास विरोधी तिनके की तरह बह जायेंगे। किसी के रोके अब झामुमो सरकार का विकास रथ नहीं रुकेगा।

### रमजान के पहले जुमे की नमाज में उमड़े रोजेदार

**श्रीबंशीधर नगर।** पवित्र माह ए रमजान के प्रथम शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की। विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ देखी गई। पहले जुमे के दिन बड़ी संख्या में नमाजियों ने खुदा की बारगाह में सजदा किया। हजारों सर खुदा की बारगाह में झुके। देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी गईं। चेचरिया मस्जिद ,बरडीहा मस्जिद,नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी जामा मस्जिद,सोनवर्षा मस्जिद, जामा मस्जिद हुलहुला सहित अन्य मस्जिदों में भी काफी संख्या में रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। चेचरिया मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना अब्दुल कादिर साहब ने रमजान के पवित्र महीने की महिमा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रमजान के रोजे सभी मुस्लिमों के लिए फर्ज है। इस महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं । नमाज के बाद अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद साहब की शान में सलाम पेश किया गया। मौके पर सदर तौहीद खान,सरपरस्त शमीम खान,तस्लीम खान सीनियर,प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान,लालबाबु खान, महमूद आलम, आजाद खान,तस्लीम खान,फुलटून खान,मेराजुद्दीन खान,बरडीहा सदर मुश्ताक अहमद शेख,हाफिज अब्दुल हकीम,हाफिज मनउवर अंसारी,मसउवर अंसारी,उस्मान अंसारी, साबिद अंसारी,डॉ रिजवान अहमद,डॉ असगर अली, साजिद रजा,परवेज, रासिब, शाहिद,मकसूद, इंतजार, असलम, नौसाद उपस्थित थे।



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मेराल। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में डालसा द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा के सचिव शरत निशिकांत कुजूर मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए सचिन ने बताया कि आज के परिवेश में उपभोक्ताओं के साथ फर्जीवाड़ा की घटनायें बढ़ गयी हैं। इसके लिए अपने अधिकार प्राप्त करने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है। जिसकी जानकारी डालसा के माध्यम से लगातार आम लोगों तक उपलब्ध करायी जा रही है। जिसमें उपभोक्ताओं को सुरक्षा अधिकार, जानकारी होने का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, शिकायत निवारण का अधिकार उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम से उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन पंचायती राज पदाधिकारी बसंत पांडेय ने किया। इस अवसर पर बीडीओ जागो महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद साव , अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, उत्तम भारती, मुखिया राम सागर महतो, महिला पयर्वेक्षिक एकता नाथ आदि ने उपभोक्ता अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विधिक जागरूकता के मुरली श्याम तिवारी, शालिनी कुमारी, सीआई बिंदेश्वरी पासवान, महिला पयर्वेक्षिका पुष्पा कुमारी, दीपक चंचल, मुखिया मनदीप सिंह, संजय राम, अजीज अंसारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त को पत्रक देकरकार्रवाई करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त शेखर जमुआर को ज्ञापन सौंपकर बीडीओ के खिलाफ मनमानी करने की शिकायत की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने आरोप लगाया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी के द्वारा प्रखंड में चलाईं जा रही विकास योजनाओं में नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों की एक भी बात नहीं सुनी जा रही है। जनप्रतिनिधियों को लगातार अपमानित एवं उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। पंचायत समिति सदस्यों के बार- बार आग्रह के बाद भी पंचायत समिति की बैठक नहीं बुलाई जा रही है। वहीं विकास योजनाओं के संचालन को लेकर भी पंचायत समिति सदस्यों से चर्चा नहीं की जा रही है। पंचायत समिति के अनुमोदन के बिना ही मनरेगा योजना में सिंचाई कूप,डोभा, तालाब, मेडबंदी स्वीकृत कर दिया जा रहा है। साथ ही पात्रों की जगह पक्का मकान व वाहन मालिक अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने उपायुक्त से जांचोपरांत बीडीओ पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पंचायत समिति सदस्य गुडी देवी,अजीमा खातुन, ऊषा देवी,कमोदा देवी, रेशमा देवी ने हस्ताक्षर किया है।



### रंका मुखिया सहित कई लोग झामुमो में हुए शामिल, किया स्वागत

# कार्यकर्ताओं से ही संगठन बनता है मजबूत : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रंका प्रखंड के रंका कला पंचायत के मुखिया राजेश मधेशिया सहित कई लोग भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। शुक्रवार को सभी ने गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा छोड़ कर झामुमो में शामिल होने वालों में डुमरिया निवासी संजय मिश्रा, गांगी निवासी विजय पांडेय, तिलदाग निवासी उपेन्द्र चंद्रवंशी, शंकर राम आदि का नाम शामिल है। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा व माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ताओ से ही संगठन मजबूत बनता है। कार्यकर्ता यदि पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें तो उस संगठन को कोई भी पछाड़ नहीं सकता है ।

### झामुमो गढ़वा प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार





गढ़वा। झामुमो गढ़वा प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है। इसमें कई नए चेहरों को शामिल किया गया है। गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद ने शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक कर सभी नव चयनित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा तथा उन्हें माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। नवगठित कमेटी में बाबर खां व विनय चंद्रवंशी को सह सचिव एवं इफ्तेखार अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि गढ़वा प्रखंड झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा का विस्तार करते हुए महावीर चौधरी को प्रखंड अध्यक्ष, विजय पांडेय को सचिव, संजय मिश्रा को उपाध्यक्ष तथा उपेन्द्र चंद्रवंशी को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, सचिव रितेश तिवारी, उपाध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी, अजय कुमार ठाकुर, मीडिया प्रभारी धनंजय पासवान, अखिलेश तिवारी, गुड्डू राम, जावेद अंसारी, रविन्द्र तिवारी, जितेंद्र चौधरी, कमल सिंह उपस्थित थे।

## उदासीनता

### अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण में विफल, नागरिकों की परेशानी यथावत

# खुद ही जल की बूंदों के लिये तरस रहे अमृत सरोवर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** घटते जलस्तर और बढ़ते जल संकट की स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं जल संचयन के उद्देश्य और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम मोदी के आह्वान पर आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर अमृत सरोवर योजना शुरू की है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने के संकल्प के साथ मिशन अमृत सरोवर 24 अप्रैल 2022 को शुरू किया गया। योजनानुसार प्रत्येक अमृत सरोवर का निर्माण कम से कम एक एकड़ क्षेत्रफल में होगा और इसका जल धारण क्षमता 10,000 घन मीटर निर्धारित किया गया है। प्रत्येक अमृत सरोवर बांध के चारों तरफ नीम, पीपल और बरगद आदि छायादार वृक्ष लगाये गये। अमृत सरोवर सिंचाई, मछली पालन, बत्तख पालन, जल पर्यटन और अन्य गतिविधियों जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए पानी का उपयोग करके रोजगार सृजन का स्त्रोत भी रहेगा,लेकिन बूंद-बूंद पानी को तरस रहे अमृत सरोवर उद्देश्यों की पूर्ति में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। दूसरी तरफ सरोवरों के मेड़ पर अमृत वाटिका के तौर पर रोपित पौधे भी सूख चुके हैं। जबकि सरोवर तैयार करने में 16 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। इस सम्बन्ध में अभिकर्ता का कहना है की अभी तक अमृत वाटिका में किये गए कार्य का भुगतान नहीं किया गया है। विदित हो कि रमना प्रखंड में चार अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है।



### गर्मी में पानी के लिये मचेगा हाहाकार

गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है। अनियोजित भू-जल दोहन के कारण तेजी से खिसकते भू-गर्भ जल स्तर के कारण नागरिक आसन्न जल संकट की विभीषिका की कल्पना मात्र से ही सिहर जा रहे हैं। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये अमृत सरोवरों में जल संचयन का प्रबंध कराये जाने की मांग की है।



**यदि मनुष्य अपनी बुरी आदतों को समय पर न बदले तो बुरी आदतें, उसके समय को बदल देती हैं : अज्ञात**



# ऋण देकर आजादी छीनता चीन

कभी भारत से सहायता लेनेवाला मालदीव ऐसे फैसले ले रहा है जो चीन के साथ उनकी निकटता को ही दर्शाते हैं। छोटे पड़ोसी देशों के साथ चीन की निकटता भारत के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली हैं। सवाल यह है कि क्यों चीन विश्व के ऐसे देशों की तरफ अपना प्रभुत्व फैला रहा है, जो आर्थिक और सामरिक रूप से कमजोर हैं? विशेषज्ञों का मानना है कि चीन अपनी नई विश्व व्यवस्था बनाने का मंसूबा पाले हुए है और शी जिनपिंग की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी शासन को 2049 तक प्रमुख विश्व शक्ति बनाने की महत्वाकांक्षा है, जब वह अपने सौ वर्ष पूरे करेगी। संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चीन बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत आर्थिक एवं सामरिक रूप से कमजोर देशों को कर्ज देने की नीति का हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। दूसरी ओर, चीन की आर्थिक मदद से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मंसूबा पाले देश उसके कर्ज के जाल में फंसकर चीन का कर्ज चुकाने में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। चीन से आर्थिक सहायता प्राप्त देशों, जैसे-श्रीलंका, जांबिया, इथियोपिया, पाकिस्तान, वेनेजुएला, नेपाल, केन्या, कंबोडिया, लाओस, अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे कई देश हैं, जो गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अब श्रीलंका को ही ले लें, जिसने गृहयुद्ध के उपरांत आर्थिक सुधारों के लिए चीन का रुख किया, लेकिन आज उसके कर्ज-जाल में फंस गया है। श्रीलंका ने पहले 2014 और पुनः 2017 में अपने कर्ज के पुनः प्रबंधन हेतु चीन से निवेदन किया था, लेकिन उसके दोनों अनुरोध खारिज कर दिये गये थे। अंततः जब तक श्रीलंका ने आईएमएफ से सहायता मांगने का निर्णय लिया, तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 1948 में देश की आजादी के बाद से सबसे खराब मंदी की ओर बढ़ गई, जिससे विद्रोह भड़क गया और नतीजतन हजारों लोगों ने राष्ट्रपति को उनके घर से खदेड़ दिया था। जांबिया की भी यही स्थिति है, जिसके कुल विदेशी कर्ज का तीस फीसदी हिस्सा चीन द्वारा निर्गत किया गया है और माना जाता है कि उस पर चीनी फाइनेंसरों का लगभग छह अरब डॉलर बकाया है। इस प्रकार 2020 में, चीन के कर्ज जाल में फंसते हुए जांबिया यूरो बॉन्ड्स पर डिफॉल्ट करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। चीन के कर्ज जाल में फंसे पाकिस्तान की हालत पहले से ही काफी खराब चल रही है, हालांकि उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली है, जिस पर उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। नेपाल और चीन ने 2017 में बीआरआई हेतु हस्ताक्षर किये थे, लेकिन लगभग सात साल बाद एक परियोजना तक क्रियान्वित नहीं हो पाई है और इसका सबसे बड़ा कारण रहा नेपाल का पोखरा हवाई अड्डा, जो चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं था, फिर भी चीन ने इसके लिए फंड देते हुए इसे बीआरआई के अंतर्गत बताने की कोशिश की ।वेनेजुएला भी आर्थिक संकट में फंसा हुआ है, जहां सरकार पर कथित तौर पर चीन का भारी कर्ज बकाया है। तेल से समृद्ध, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर इस देश ने 2005 से चीनी कर्ज ले रखा है। चीन के साथ दिक्कत यह है कि वह जो कर्ज देता है, उसके पीछे की शर्तों को कभी सार्वजनिक नहीं करता, जैसा आईएमएफ, विश्व बैंक या पेरिस समूह करते हैं। इस वजह से चीनी कर्ज की पारदर्शिता हमेशा संदेह के दायरे में रही है। चीन चूंकि आसान शर्तों पर ऋणों को निर्गत करता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर देशों को आकर्षित करता है। कर्ज लेने वाले उन देशों को उस कर्ज के विपरीत परिणामों का एहसास तब होता है, जब उनके आर्थिक संकट बेकाबू हो जाते हैं और फिर वे इसके समाधान करने के लिए चीन से कोई रियायत प्राप्त नहीं कर पाते। माले को उन देशों से, जो चीनी ऋण के जाल से जूझ रहे हैं, सीख लेनी चाहिए तथा भारत जैसे नैतिक और लोकतांत्रिक देश के साथ संबंधों को बिगाड़ना नहीं चाहिए।

इन दिनों

# सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का विपक्षी प्रयास



ललित गर्ग

**केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं।**

*दिल्ली* के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने का बेहूदा, बेतुका एवं उच्छृंखल विरोध कर रहे हैं। वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गये हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है। सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिये हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है? केजरीवाल की ही तर्ज पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह तो समझ नहीं आया कि नागरिकता कानून वैध है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह ठान लिया कि वह बंगाल में उसे लागू नहीं होने देंगी। आखिर वह होती कौन हैं इस कानून को न लागू करने वाली? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस कानून का किसी राज्य सरकार से कोई लेना-देना ही नहीं। नागरिकता देना केवल केंद्र सरकार का अधिकार है। यह बुनियादी बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी समझनी होगी, क्योंकि उनकी ओर से भी यह कहा जा रहा है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। यह हास्यास्पद एवं विरोधीभासी स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विचित्र नतीजे पर पहुंच गये कि नागरिकता कानून को अमल में लाकर केंद्र सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत लाकर उन्हें नौकरियां देने और उनके लिए घर बनाने का काम करने जा रही है। जबकि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बांगलादेश से किन्हीं नये अल्पसंख्यकों का भारत लाकर बसाने, उन्हें घर एवं नौकरी देने का कानून है ही नहीं। कोई भी यह समझ सकता है कि वह संकीर्ण राजनीतिक कारणों से नागरिकता कानून की मनमानी व्याख्या कर रहे हैं और इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि यह कानून उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को बुलाकर नागरिकता देने का नहीं है। केजरीवाल के बचकाने एवं बेहूदे बयानों से हिन्दू एवं सिख शरणार्थियों में काफी गुस्सा देखा गया है। उन पर चोरी, रेप और अपराध जैसे आधारहीन आरोप लगाने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जो शरणार्थी वर्षों से न्याय होने की उम्मीद लगाये इस कानून की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन पर घटिया राजनीति के चलते तरह-तरह के वार उनको पीड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आ सकी। जहां तक सीएए के लागू होने का प्रश्न है तो यह अब एक कानून बन चुका है और उसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से आये हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए, उनकी दीन दशा से परिचित होने के साथ ही उनके प्रति न्यूनतम संवेदनशीलता का भी उन्हें परिचय देना चाहिए। यदि विरोधी दलों को यह लगता है कि नागरिकता कानून ठीक नहीं तो वह उससे असहमति जताने और कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तरह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके नाम पर उन्हें लोगों को भड़काने से बाज आना चाहिए। उनकी इसी भड़काऊ राजनीति के कारण चार साल पहले देश में जगह-जगह हिंसा हुई थी और शांतिपूर्ण विरोध के बहाने आगजनी की गई थी। दिल्ली में तो शाहीन बाग इलाके में विपक्षी दलों के सहयोग और समर्थन से एक व्यस्त सड़क घेरकर महीनों तक धरना चलाने से आम जनता पीड़ित एवं परेशान हुई। विद्वेष और वैमनस्य पैदा करने वाले इसी धरने के चलते दिल्ली में भीषण दंगा हुआ था, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गये थे। क्या विपक्षी दल अशांति, हिंसा एवं अराजकता की आग फैलाकर फिर से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं? यदि नहीं तो फिर उन्हें नागरिकता कानून के विरोध में जबान संभालकर बोलना चाहिए। विरोध का भी कोई उद्देश्य और स्तर होता है। निरुद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी खेमे की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का ही स्वयंभू प्रमाण है। सीएए लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है, यह आगामी लोकसभा चुनाव का एक मुख्य मुद्दा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक एवं साहसिक तो है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक शरणार्थियों ने जो तकलीफें झेली है, जो कष्ट एवं उपेक्षाओं का जीया है, वह उन्हें नागरिकता मिलने से ही दूर हो सकती है। अब उन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है तो उसका स्वागत होना चाहिए। केजरीवाल तो शरणार्थियों को मिल रही नागरिकता की स्वतंत्र सांसों का स्वागत की बजाय विरोध कर रहे हैं, यह कैसी राजनीति है? यह कैसे राजनेता है? यह कैसा राजनीतिक चरित्र है? केजरीवाल एवं ममता की माने तो सीएए लागू होने के बाद अगर पड़ोसी देशों के डेढ़ करोड़ अल्पसंख्यक भी भारत आ गये तो यह स्थिति 'खतरनाक' हो जाएगी।' कोई उनसे पूछे कि इस कानून में ऐसा कहा लिखा है? यह गन्दी गैर-जिम्मेदाराना राजनीति का द्योतक है, जिसका जबाव आम-जनता आगामी लोकसभा चुनाव में देगी। इन नेताओं ने मोदी के खिलाफ एवं राष्ट्रहीत की नीतियों एवं योजनाओं पर कीचड़ उछालने की जो हरकते की है, सीएए तक पहुंच कर वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी हैं। पर इससे मोदी का वर्चस्व कभी धूमिल होने वाला नहीं हैं। क्योंकि उनकी नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। विरोध करने वाले नेता स्वयं इस बात को महसूस करते हुए बौखलाये हुए हैं। अपनी बौखलाहट एवं सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिये वे जनता को गुमराह करने के लिये और उनका मनोबल कमजोर करने के लिये सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोत रहे हैं, वे धूर्त तथ्यों से विपरीत जाकर अनर्गल प्रलाप कर रहे है, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं हैं। ऐसे ना समझ नेताओं को सद्बुद्धि आए, वे अपना समय एवं श्रम स्वस्थ एवं आदर्श राजनीति में लगाएं तो लोकतंत्र भी मजबूत होगा एवं जनता को भी विकास की नयी दिशाएं दिखाई देगी।

## आपकी बात

### बढ़ते सड़क हादसे व पलामू



श्याम बिहारी राय

पलामू व सड़क हादसे एक दूसरे के पर्याय बनते जा रहे हैं। प्रत्येक दो दिन में जिले के किसी न किसी हिस्से में जहां जानलेवा हादसे की खबर आम हो गयी है। वहीं छिटपुट घटनायें तो आम बात हो गयी हैं। सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल की पहुंच रही व्यापक क्षति को देखते हुये अब समय आ गया है कि इसे रोकने के लिये गंभीर कवायद किया जाये।



अधिकांश मामलों में किशोरवय लड़कों द्वारा वाहन चालन की बात सामने आ रही है। वहीं उसके बाद दुर्घटनाओं का कारण नशापान बताया जा रहा है। इन दोनों ही मामलों में आमजन के साथ जिला प्रशासन व परिवहन विभाग को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। किशोरवय लड़कों को जहां अभिभावक उनकी सलामती के लिये किसी भी स्थिति में वाहन न दें। वहीं प्रशासन को भी तत्काल इस दिशा में जागरूकता अभियान के साथ कार्रवाई का दायरा भी बढ़ाना चाहिये। साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में गति सीमा की बाध्यता को भी सख्ती पूर्वक लागू करने के साथ ही सड़कों की बदहाली को दूर करने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाये जाने की जरूरत है। दूसरी तरफ नशापान कर वाहन चालन को लेकर प्रशासन को अब सख्त रूख अख्तियार करने की जरूरत है। इसके लिये वाहन चालक के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जरूरत है। जिले में सड़क हादसों में हो रही किशोरों की मौत राष्ट्रीय क्षति है। इसे रोकने की दिशा में यदि गंभीरता पूर्वक कवायद नहीं की गयी तो हम अपनी भावी पीढ़ी को ऐसे में असमय काल के गाल में समाते देखते रहेंगे। यातायात नियमों को लेकर अब समय आ गया है कि शिक्षण संस्थानों में दिखावटी नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से जागरूकता अभियान संचालित करना जरूरी है। उम्मीद है सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिये पलामू वासी निश्चित ही मनन कर मुहिम चलायेंगे।

**- अधिवक्ता पलामू।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

दुर्घटना

# सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को कम करने का फॉर्मूला



डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

**2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है।**

*एक* ओर दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी है। वहीं लाख प्रयासों के बावजूद हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है। हालांकि सरकार इसके लिए गंभीर है और नित नये प्रयास व कदम उठाये जा रहे हैं पर परिणाम अभी तक उत्साहजनक नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है पर उसका परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौत हो रही है। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौत 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही है। 2022 के आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गये। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं से मौत वास्तव में गंभीर है और नितिन गडकरी की चिंता देश की चिंता है। दरअसल दुर्घटनाओं से मौत के कारण होने वाले नुकसान को कम करके नहीं देखा जा सकता। दुर्घटना के कारण जन हानि, धन हानि और इसके साथ ही अन्य परिणामों की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। देश में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत की रफ्तार को आधी करने के लक्ष्य को लेकर चलने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा दोनों में ही कमी नहीं आ रही है। हालांकि पिछले दिनों भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के आंकड़े को 2030 तक आधा करने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चार ई का फामूर्ला दिया है।

## फेसबुक वॉल से




## X-से




# राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण



उमेश चतुर्वेदी

**शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था।**

*ऐसे* अपराधियों की शह गाहे-बगाहे ममता द्वारा उठाये गये कदमों से भी मिली। कुछ साल पहले ममता बनर्जी ने अपने ही एक पुलिस अधिकारी के बचाव में धरने पर बैठ गई थीं। तब सीबीआई ने उस अधिकारी के घर छापा मारा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है।



बोधि वृक्ष

## पलामू के नावा बाजार का प्रसिद्ध दुआपार बाबा मंदिर

**इस** कुंड का पानी कभी नही सूखता

पलामू का प्रसिद्ध दुआरपार बाबा मंदिर जहां एक तपस्वी साधु का स्नान कुंड आज भी है मौजूद। सैकड़ों वर्ष पुराना यहां स्थित यह मंदिर



पलामू जिले के नवाबाजार प्रखंड के अंतर्गत चचरिया ग्राम में स्थित कौरव नदी के तट पर है। इस मंदिर में सैकड़ों वर्ष पहले एक महात्मा रहते थे, वह इस मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। महात्मा ने अपने स्नान ध्यान के लिए एक कुंड का निर्माण किया था।

जानिए इसकी कहानी

इस कुंड की यह खासियत है कि इसमें कभी भी पानी खत्म नहीं होता है। ग्रामीण बताते हैं कि इस कुंड में मवेशी द्वारा पानी पिया जाता है। नीचे बहता कौरव नदी का पानी सूख जाता है लेकिन इस कुंड का पानी नहीं सूखता इसके पीछे एक कहानी है। जो एक महात्मा की कहानी से जुड़ी है जिन्होंने इस कुंड का निर्माण कराया था। इस कुंड में वो स्नान करते थे। आज भी उस महात्मा के घर का अवशेष बचा हुआ है। **(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### गूगल की बड़ी तैयारी

Apple के तमाम फीचर्स को इस्तेमाल करने के लिए कंज्यूमर्स को अच्छी रकम खर्च करनी होती है। ऐसा ही एक फीचर जो iPhone में मिलता है, जल्द ही एंड्रोएड पर आ सकता है। कंपनी अपने वीडियो कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म Google Meet को लेकर कुछ खास प्लान कर रही है। गूगल एंड्रॉयड और Apple स्मार्टफोन मार्केट में इन दोनों ही ऑपरेटिंग सिस्टम के बीच अब मुकाबला रह गया है। ऐसे में दोनों एक- दूसरे को टक्कर देने के लिए एक दूसरे के फीचर्स को कॉपी करते रहते हैं। हालांकि, गूगल अगर किसी फीचर को रिलीज करता है, जो उसका एक्सेस बजट फोन रखने वालों को भी मिलता है। वहीं Apple के तमाम फीचर्स को इस्तेमाल करने के लिए कंज्यूमर्स को अच्छी रकम खर्च करनी होती है। ऐसा ही एक फीचर जो iPhone में मिलता है, जल्द ही एंड्रोएड पर आ सकता है। कंपनी अपने वीडियो कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म Google Meet को लेकर कुछ खास प्लान कर रही है। वहीं गूगल ने इस फीचर की शुरूआत बिजनेस फोकस्ड टूल के रूप में की थी। लेकिन अब कंपनी इसे 1टू1 वीडियो कॉल टूल के तौर पर पॉपुलर करना चाहती है। इसके लिए कंपनी एक नया फीचर जोड़ रही है। इस फीचर को बीटा वर्जन पर स्पॉट किया गया है। दरअसल, कंपनी रेगुलर फोन कॉल के साथ ही वीडियो कॉल का ऑप्शन जोड़ रही है। वैसे तो ये विकल्प पहले भी मिलता था, लेकिन कंपनी इसे आसान और विजिबल बना रही है। ऐसा ही कुछ Apple iPhone में मिलता है। हम बात कर रहे हैं Face Time फीचर की, जिसका इस्तेमाल यूजर्स सीधे डायलर्स से कर सकते हैं। ऐसा ही एक्सपीरियंस अब एंड्रॉयड यूजर्स को भी मिलेगा। **(समाप्त)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जिला सांसद प्रतिनिधि के चार पहिया वाहन को टेम्पू ने मारी ठोकर

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला के कोवाड़ के बैडमुका के पास जिला सासंद प्रतिनिधि के चार पहिया वाहन को एक टेम्पू ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। राहत की बात यह है कि जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय को कुछ हुआ नहीं है। वे सुरक्षित हैं। जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय ने घटना के संबंध में कहा कि वे अपने आवास बिरनी के पोखरिया से गिरिडीह जा रहे थे। तभी कोवाड़ के बैडमुका पहुँचते ही विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पू ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। जिसके बाद मेरा चार पहिया वाहन का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हम सब सुरक्षित हैं।

### रेल आईजी ने गोमो आरपीएफ पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**धनबाद।** पूर्व-मध्य रेलवे के हाजीपुर जोन के रेल महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार व सहायक सुरक्षा आयुक्त सुरेश कुमार मिश्रा शुक्रवार की दोपहर गोमो रेलवे स्टेशन पहुंचे। सीनियर डीएसी सैयद सरफराज अहमद व इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा की अगुवाई में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद रेल आईजी ने आरपीएफ के गोमो पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरुष व महिला जवानों के बैरेक में घूम-घूमकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जवानों से बातकर उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किचन में जाकर जांच-पड़ताल की और जवानों के भोजन के मीनू की भी पड़ताल की। बैरेक पोस्ट की साफ-सफाई से प्रभावित होकर रेल आईजी ने पोस्ट के निरीक्षक संतोष कुमार झा सहित जवानों की तारीफ की। रेल आईजी ने पोस्ट कार्यालय में अपराध से जुडी संचिकाओं का अवलोकन भी किया। आरपीएफ पोस्ट में बैठक कर बल के अधिकारियों व जवानों को दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की नसीहत दी। साथ ही रेलवे में अपराध को रोकने के लिए उन्हें दिशा-निर्देश भी दिए।

# रोटरी ग्रेटर ने किया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

## पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर के द्वारा जयपुर के भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से ईश्वर स्मृति भवन में आयोजित तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर की शुरूवात शुक्रवार को की गई। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा और रोटरी के तरणजीत सिंह सलूजा उर्फ बंटी, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के झारखंड प्रभारी रितेश पटवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन किया गया। इस दौरान भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के टेक्नीशियन द्वारा नापी लेकर कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया गया। मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने रोटरी ग्रेटर व विकलांग सहायता समिति के द्वारा आयोजित शिविर की सराहना की। कहा कि किसी हादसे में अंग का चला जाना, उसके लिए बेहद दुखद होता है और ऐसे में संस्थाओं द्वारा ऐसे प्रभावित लोगो को अंग उपलब्ध कराया जाना एक सराहनीय प्रयास है।

शिविर को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन व बंटी सलूजा ने भी आयोजकों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष दीपक सोनथालिया, संयोजक विकाश शर्मा, विकाश सिन्हा, अभिषेक छापरिया, सुबोध मोदी, आकाश रौशन, ब्रह्मदेव प्रसाद, राजेंद्र तरवे, अमित कुमार, राकेश कुमार, मनीष गुप्ता, सुदिप्तो समानता, उदयन बनर्जी, दीपक चिरानिया, तरनजीत सिंह सलूजा, माहुरी वैश्य महामंडल के अध्यक्ष गोपाल दास भदानी सहित रोटरी ग्रेटर के सभी सदस्य सराहनीय योगदान दे रहे है।

### इनर व्हील क्लब ने शताब्दी वर्ष में एक सौ नर्सों को किया सम्मानित

